हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 1 मई 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]


**तापमान**

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री



सोलापुरी माता की पूजा करने पहुंचे विधायक अमर अग्रवाल ने लकी ड्रा के विजेताओं को दिया पुरस्कार।

## 480 पुराने भवनों में व्यवस्था नहीं, वॉटर हार्वेस्टिंग होता तो 80 करोड़ लीटर पानी बचता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारिश का पानी भूगर्भ तक पहुंचाने के लिए सरकार ने आम जनता के लिए मकानों और भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का नियम बनाया है। आम जन तो दूर सरकारी कार्यालयों में नगर निगम अधिकारी रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगा पाए हैं। शहर में 220 सरकारी और निजी भवन ऐसे हैं जहां रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं हैं। यहां इसकी व्यवस्था की जाती तो 80 करोड़ लीटर पानी बचाया जा सकता है। यही नहीं निगम ने पिछले 13 सालों में 3582 बिल्डिंगों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का दावा किया है जबकि हर साल एक हजार से अधिक आवासीय और व्यावसायिक निर्माण शहर में हो रहें हैं। निगम इनका नक्शा भी पास कर रहा है लेकिन पानी बचाने की गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। यही नहीं शहर में 480 भवन पुराने होने के कारण यहां रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए जगह ही नहीं है।

जिले सहित शहर में जल स्तर लगातार गिर रहा है लेकिन आम जन से लेकर सरकारी स्तर पर इसके लिए कोई खास प्रयास होते नहीं दिख रहा है। पुराने बने भवनों के साथ ही नए निर्माण में भी छत से धरातल पर पानी लाने की अब तक कोई बेहतर व्यवस्था नहीं बन सकी है। ध्यान रहे कि राज्य सरकार ने भू गर्भिय जल स्तर को बनाए रखने के लिए सरकारी और निजी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का नियम बनाया है। नियम के तहत सरकारी भवनों में इसका हर हाल में पालन किया जाना है, ताकि इस नियम का आम जन भी पालन करें और बारिश का पानी व्यर्थ बहने के बजाए उसे हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से जमीन तक उतारा जा सके। इससे गर्मियों के मौसम में भूगर्भ जल स्तर घटने की समस्या से जूझना न पड़े। इन बड़े संस्थानों में प्रत्येक भवन का क्षेत्रफल 8-8 हजार वर्ग फीट है, लेकिन जिले के करीब 82 शासकीय और करीब 118 निजी भवनों में हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था नहीं है।

अलग खबर



- हर साल एक हजार से अधिक आवासीय और व्यावसायिक निर्माण शहर में हो रहे
- निगम इनका नक्शा भी पास कर रहा है लेकिन पानी बचाने की गंभीरता नहीं दिखाई दे रही

### निगम में 8 करोड़ रुपए जमा, कोई लेने नहीं आया

भवन अनुज्ञा के दौरान रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य होने के कारण नगर निगम पिछले 10 वर्षों से भवन अनुज्ञा देने से पहले आवेदकों से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का शुल्क वसूल करता आ रहा है। पहले मैनुअल जमा की गई रकम और वर्तमान में ऑनलाइन जमा की गई राशि मिलाकर नगर निगम के पास करीब 8 करोड़ रुपए जमा हैं। लोगों ने भवनों का निर्माण तो कर लिया, लेकिन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया। यही कारण है कि जमा की गई राशि को लोग वॉपस लेने नहीं आए हैं। निगम चाहे तो इसका टेंडर निकालकर खुद भी इन घरों में वॉटर हार्वेस्टिंग लगा सकता है।

### बचत पानी से हो सकती है आपूर्ति

गौरतलब है कि एक व्यक्ति के महीने में पानी के खर्च के लिए प्रतिदिन 135 लीटर पानी खर्च करने का मानक तय है। इस हिसाब से हर महीने प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4050 लीटर पानी खर्च करने का नियम है, लेकिन आम आदमी के लिए यह मानक मानने नहीं रखते। शहर का प्रत्येक व्यक्ति औसतन 4500 लीटर पानी एक महीने में खर्च कर रहा है। हार्वेस्टिंग सिस्टम के पालन की ओर ध्यान दें तो करीब 200 भवनों में हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा दिया जाए और बारिश का पानी छत के जरिए जमीन में उतारा जाए तो बारिश के मौसम में प्रत्येक वर्ष 80 करोड़ लीटर पानी की बचत हो सकती है।

### 250-300 फीट में पानी मुश्किल से मिल रहा

ज्ञात हो कि 15 साल पहले तक नदी किनारे के क्षेत्रों में 150 से 200 फीट में पानी मिल जाता था। अब 250-300 फीट में पानी मुश्किल से मिल रहा है। जल स्तर में गिरावट ट्यूबवेल से लगातार पानी खींचने और अरपा में बहाव बंद हो जाने की वजह से जल स्तर गिरा है। विशेषज्ञों का कहना है कि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने से 40%तक बारिश का पानी बचाया जा सकता है, लेकिन हम बारिश के पानी से 4000 मिलियन एम-3 में केवल 10% पानी का संरक्षण कर पाते हैं। यदि शासन के निर्देश के मुताबिक वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण किया जाए तो जल स्तर को काफी हद तक संभाला जा सकता है।

### काम जारी

सरकारी संस्थानों के साथ ही निजी क्षेत्रों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का काम जारी है। 2011 के बाद से अभी तक 3390 निजी और 309 शासकीय निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा दी गई है। इसमें से 3328 निजी और 254 शासकीय भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जा चुका है। शहर में 480 भवन पुराने होने के कारण यहां रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की जगह नहीं है।

- सुरेश शर्मा, प्रभारी भवन निर्माण शाखा

## खबर संक्षेप

### निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आज से

**बिलासपुर।** हड्डी, मासपेशियां, नसों एवं दांतों से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज कराने के उद्देश्य से अभा वैश्य कसौंधन महासभा गुप्ता समाज दवारा निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन 1 मई से किया जा रहा है। कसौंधन महासभा के जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया की शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं शाम 6 बजे से रात 7 बजे तक रखा गया है। उक्त शिविर 3 दिनों का है। शिविर में डॉ प्रशांत चक्रवर्ती, डॉ कोमल बिरदा, दंत चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। फ़िज़ियोथेरेपी शिविर डॉ प्रशांत चक्रवर्ती फिजियोथेरेपी और पेन क्लिनिक एल -1 विनोबा नगर मेन रोड गायत्री मंदिर के पास और राजकिशोर नगर बजरंग चौक केनरा बैंक के पास फिजियोडेंट क्लिनिक में रखा गया। दंत चिकित्सा शिविर फिजियोडेंट फिजियोथेरेपी एंड डेंटल क्लिनिक बजरंग चौक राजकिशोर नगर केनरा बैंक के पास रखा गया है।

### आत्मानंद स्कूल में एडमिशन 5 मई तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिंदी मीडियम स्कूलों में एडमिशन की तैयारी एक बार फिर शुरू हो गई है। नया सेशन 2025-26 शुरू होने वाला है और इसी को लेकर 10 अप्रैल से आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू हो रही है। आवेदन 5 मई तक किए जा सकेंगे। इस बार कुल 751 स्कूलों में एडमिशन होगा। जिसमें 403 इंग्लिश और 348 हिंदी मीडियम स्कूल शामिल है। अगर किसी स्कूल में सीटों से ज्यादा फॉर्म आएंगे, तो मई के दूसरे हफ्ते में लॉटरी होगी और फिर एडमिशन दिया जाएगा।

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 30 जून तक

**बिलासपुर।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 में पदम विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार प्रदान करने के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं। नामांकन प्रस्ताव उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 30 जून है। पद्म पुरस्कार देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा कला, साहित्य और शिक्षा, खेल चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों एवं सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इन पुरस्कारों से संबंधित विधान और नियमावली वेबसाईट पर उपलब्ध है। पद्म पुरस्कारों के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप स्पष्ट योग्य एवं पात्र व्यक्ति कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण, सीपत रोड, सरकंडा एवं स्व. बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में नामांकन प्रस्ताव जमा कर सकते हैं।

### जानकारी देने ग्रामीण क्षेत्र में लगेंगे 42 समाधान शिविर

**बिलासपुर।** सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 42 समाधान शिविर लगेंगे। ये शिविर 5 मई से लेकर 31 मई तक चिन्हित गांवों के स्कूलों में लगाए जाएंगे। हर 10 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य प्रमुख गांव का चयन शिविर के लिए किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जनपद पंचायतों के सीईओ और तहसीलदारों को शिविर का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिविर में आमंत्रित करने भी कहा है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में लगभग 2 लाख आवेदन मिले हैं। इनका तेजी से निराकरण संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। निराकरण की जानकारी आम जनता को इन शिविरों में उपलब्ध कराई जाएगी।

### सीबीआई ने रेलवे के चीफ इंजीनियर के बिलासपुर और रांची के निवास पर मारा छापा

## रेलवे के सीई के घर से मिले 70 लाख और भाई के घर से एक किलो सोना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीबीआई की टीम ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे कंस्ट्रक्शन विभाग के चीफ इंजीनियर विशाल आनंद को 32 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। टीम ने उनके बिलासपुर और रांची के निवास में छापामार कार्रवाई की है। इस दौरान टीम ने विशाल आनंद के घर से नकद 70 लाख रुपए और उनके भाई कुणाल आनंद के घर से करीब एक किलो सोना बरामद किया है।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों सीबीआई ने चीफ इंजीनियर और उनके भाई सहित झांझरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक को अरेस्ट कर लिया था। सीबीआई ने आरोपियों के ठिकाने से छापे में सत्तर लाख रुपए नगद और एक किलो सोना जब्त किया है।

मामले की जांच के बाद सीबीआई ने आठ लोगों के खिलाफ नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसमें एसईसीआर कंस्ट्रक्शन कंपनी रोड एंड सेफ्टी ओपन लाइन में चीफ इंजीनियर के पद पर कार्यरत विशाल आनंद, झाझरिया निर्माण कंपनी के निदेशक सुशील झांझरिया, कंपनी के कर्मचारी मनोज पाठक, विशाल आनंद के पिता आनंद कुमार झा, विशाल आनंद के भाई कुणाल आनंद और मेसर्स झाझरिया निर्माण कंपनी लिमिटेड के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस केस को लेकर सीबीआई ने कुछ दिन पहले सीबीआई पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

**रिश्वत लेने का है आरोप**







32 लाख की रिश्वत लेते पकड़े गए रेलवे के चीफ इंजीनियर

सीई आनंद, ठेकेदार झांझरिया समेत 4 को गिरफ्तार कर ले गई सीबीआई

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### एक दिन पहले जोन पहुंची सीबीआई

पांच दिन पहले सीबाआई की टीम ने चीफ इंजीनियर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया और अपने साथ दिल्ली लेकर चली गई। इसके उपरांत मंगलवार 29 अप्रैल की दोपहर सीबीआई की टीम दोपहर को फिर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन मुख्यालय के कंस्ट्रक्शन विभाग में पहुंची। यहां टीम ने रेलवे के प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर पीसीईई के कार्यालय में एक घंटे तक जांच की। टीम ने विशाल आनंद की पोस्टिंग के साथ ही झाझरिया निर्माण कंपनी से जुड़े कई अहम जानकारियां जुटाई और दस्तावेज भी जब्त किए।

### सस्पेंड माना जा रहा

रेलवे के चीफ इंजीनियर विशाल आनंद के खिलाफ अब तक रेलवे बोर्ड से कोई भी रिपोर्ट नहीं आई है। कंपनी के खिलाफ भी सीबीआई की रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। अब तक रिपोर्ट नहीं आई, लेकिन 48 घंटे तक हिरासत के बाद चीफ इंजीनियर विशाल आनंद को लीड सस्पेंड ही माना जा रहा है।

- सुस्कर विपुल विलास राव
सीपीआरओ, एसईसीआर

### रेलवे बोर्ड करेगी कार्रवाई

रेल अफसरों का कहना है कि संभवतः सीबीआई की टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंप दी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय कंस्ट्रक्शन में चीफ इंजीनियर विशाल आनंद के खिलाफ अब रेलवे बोर्ड कार्रवाई करेगी। अफसरों के अनुसार 52 (ए) में यदि कोई रेल कर्मचारी या अधिकारी किसी आपराधिक आरोप या अन्य किसी कारण से 48 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में रखा जाता है, तो उसे उसके हिरासत में लिए जाने की तिथि से निलंबित माना जाता है। इस नियम के अनुसार एसईसीआर बिलासपुर और डिवीजन के अधिकारी चीफ इंजीनियर को सस्पेंड मान रहे हैं।

## 5 वीं और 8 वीं बोर्ड के रिजल्ट आज जारी होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**300 स्कूलों का परिणाम एक साथ होगा घोषित**

- आज 12 बजे कलेक्टर संजय अग्रवाल जारी करेंगे
- सभी बच्चों के रिजल्ट वेबसाइट पर भी अपलोड किए जाएंगे

कक्षा 5वीं और 8वीं की केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट अब एक मई को जारी होगा। पहले इसे 30 अप्रैल को जारी किया जाना था, लेकिन अंकों के मिलान में देरी और तकनीकी समस्या के कारण इसे एक दिन के लिए टाला गया है। गुरुवार दोपहर 12 बजे कलेक्टर संजय अग्रवाल 300 से अधिक स्कूलों का रिजल्ट घोषित करेंगे। सभी बच्चों के रिजल्ट वेबसाइट पर भी अपलोड होंगे। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद जो छात्र असफल होंगे, उन्हें दोबारा मौका दिया जाएगा। इसके लिए गर्मी की छुट्टियों के दौरान विशेष कक्षाएं लगाई जाएंगी। यानी इस बार शिक्षकों की गर्मी की छुट्टियां निरस्त हो सकती हैं। ज्ञात हो कि करीब 10 साल बाद पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षा इस साल ली गई थी।

अधिकारियों के मुताबिक फेल छात्रों के लिए शिक्षक मई माह में एक्स्ट्रा क्लास लेंगे। सूत्रों के अनुसार, जल्द ही डीपीआई जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में पत्र जारी कर सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी डा. अनिल तिवारी ने बताया कि संभावित एक मई को परिणाम घोषित होंगे।

### ब्लाक बदलकर कापियों का मूल्यांकन

ज्ञात हो कि पांचवी की परीक्षा 17 मार्च से 27 मार्च तक और आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से शुरू होकर 3 अप्रैल तक चली थी। इसके बाद कापियों का मूल्यांकन ब्लाक बदलकर किया गया। मूल्यांकन पूरा होने के बाद मार्कशीट बनाई गई। इससे पहले शिक्षकों द्वारा नवरात्र के चलते मूल्यांकन की तारीख बढ़ाने की मांग विभाग में की गई थी। जिसके कारण नवरात्र के अष्टमी और नवमी को देखते हुए पांचवीं का 30 मार्च से और आठवीं का 4 अप्रैल से शुरू होने वाले मूल्यांकन कार्य को आगे बढ़ाकर 7 अप्रैल कर दिया गया था।

### पूरक में भी फेल तो कक्षोन्नति दी जाएगी

ध्यान रहे कि पांचवीं के 4 विषय और 8वीं के 6 विषय हैं। सभी विषय के लिए सभी मूल्यांकन केंद्रों में लगभग 6 मूल्यांकनकर्ता तय किए गए हैं। इसके लिए सभी ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर ने मूल्यांकनकर्ताओं को जानकारी भेजी गई थी। मूल्यांकन के लिए जिले में 24 सेंटर बनाए गए थे। यहां करीब 1440 मूल्यांकनकर्ताओं ने उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की। अधिकारियों के अनुसार जो छात्र परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाएंगे, उन्हें भी पूरक परीक्षा में बैठने का मौका दिया जाएगा। उसके बाद शिक्षकों द्वारा छात्रों की तैयारी भी करवाई जाएगी।



## एटीआर में फुट पेट्रोलिंग को मध्य भारत में मिला प्रथम स्थान

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व में गश्ती निगरानी हेतु रैंकिंग प्रणाली के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, जिसके लिए मध्यभारत में एटीआर को प्रथम स्थान दिया है। एटीआर द्वारा गश्ती कार्य की निगरानी और प्रेरणा हेतु एक नवीन रैंकिंग प्रणाली लागू की गई है। इस प्रणाली के अंतर्गत प्रत्येक रेंज और व्यक्तिगत फील्ड स्टाफ के गश्ती प्रदर्शन का मासिक मूल्यांकन कर बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पहचानकर उन्हें पुरस्कृत किया जाता है, जबकि कमजोर प्रदर्शन पर मार्गदर्शन और फीडबैक दिया जाता है। इस पहल का प्रत्यक्ष प्रभाव मार्च 2025 के एम स्ट्रीप्स विश्लेषण में देखने को मिला, जहां अचानकमार टाइगर रिजर्व ने 50.76 किलोमीटर की औसत गश्ती घनत्व के साथ कान्हा और बांधवगढ़ जैसे प्रतिष्ठित टाइगर रिजर्व को पीछे छोड़ते हुए मध्य भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह लगातार तीसरा महीना है, जब अचानकमार ने फुट पेट्रोलिंग में शीर्ष स्थान बनाकर रखा है। यह प्रणाली न केवल कर्मचारियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देती है, बल्कि टाइगर रिजर्व में सुरक्षा एवं संरक्षण कार्यो को और भी सुदृढ़ करती है।



## आरक्षण कार्यालय में चोरी के बाद बढ़ी सुरक्षा व्यवस्था

बिलासपुर. कुछ दिन पहले बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के नए आरक्षण कार्यालय में अज्ञात चोर ने छज्जे से अंदर प्रवेश करने के बाद सीसी टीवी कैमरे से छेड़छाड़ करते हुए गल्ले में रखा चिल्हर पार कर दिया। इस घटना के बाद आरक्षण कार्यालय में हड़कंप मच गया है, वहीं आरपीएफ ने भी अब रात में पीआरएस की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

रेलवे स्टेशन डेवलपमेंट काम के कारण बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के कटनी गेट के बगल में संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय को पिछले 5 माह से सेकेरसा स्टेडियम के सामने और टीटीई रेस्ट हाउस के बगल में संचालित किया जा रहा है। यह बिल्डिंग ब्रिटिश काल के सामने से बनी हुई है, जहां काउंटर में बैठने वाले कर्मचारियों को उबड़ खाबड़ कमरे में बैठकर काम करना मजबूरी हो गई है। आरक्षण कार्यालय की शिफ्टिंग के बाद केवल काम चलाऊ जैसा ही वर्क हो रहा है। इस आरक्षण कार्यालय के संबंध में कई लोगों को जानकारी भी नहीं है। इस स्थान पर शिफ्टिंग की शुरुआत से ही कोई भी कर्मचारी मन से नहीं आना चाह रहे थे, लेकिन अधिकारियों की चार्जशीट के भय से वे आरक्षण कार्यालय में काम करने को मजबूर हैं। पीआरएस की शिफ्टिंग के साथ ही यहां आरपीएफ की सुरक्षा व्यवस्था लगाई जानी थी, ताकि कैश के लेनदेन और बैंक में जमा करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह की परेशानी न हो सके। यह कार्य शुरुआत से नहीं हो सका, जिसके कारण कुछ दिन पहले नए आरक्षण केन्द्र में एक नकाबपोश चोर ने धारा बोल दिया। चोर ने पहले काउंटर के रोशनदान से अंदर प्रवेश किया, जिसके बाद उसने पीआरएस के अंदर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को ऊपर कर दिया, ताकि उसकी पहचान न हो सके। चोर ने सभी काउंटर के गल्ले को खोला और उसमें रखे चिल्हर पैसे लेकर फरार हो गया। दूसरे दिन सुबह जब आरक्षण कार्यालय का गेट ओपन करने कर्मचारी पहुंचे तो अंदर की स्थिति देखकर उनके होश उड़ गए। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल कामर्शियल के अधिकारियों और आरपीएफ को दी।

**की जा रही है खोजबीन :** चोर ने पीछे के छज्जे से अंदर में प्रवेश किया और दराज में रखे चिल्हर पैसे चोरी किए हैं। आरक्षण कार्यालय के अंदर में सीसी कैमरा है, लेकिन बाहर नहीं है। फिलहाल चोर की खोजबीन करने के साथ सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। रात में दो स्टाफ वहां प्रतिदिन चेक करने के लिए जा रहे हैं।

- राजेश वर्मा, प्रभारी आरपीएफ

### निकायों में एक बार फिर प्री ऑडिट की तैयारी

## अब ऑडिट कराने के बाद ही मिल सकेगी खर्च की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सभी निकायों से मांगी गई सहमति

केंद्र व राज्य सरकारों से अनुदान प्राप्त कर अपना विभाग चलाने वाले प्रदेश के समस्त निकायों में एक बार फिर प्री-ऑडिट की व्यवस्था लागू करने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में पोस्ट ऑडिट की व्यवस्था चल रही थी। इसके अंतर्गत सरकार से आबंटन प्राप्त कर सभी निकाय पहले खर्च करते थे व बाद में इसका ऑडिट किया जाता था। साल दर साल ऑडिट की पेंडेंसी रहने व ऑडिट के दौरान लगातार ढेरों अनियमितता पाए जाने पर अब सरकार प्री-ऑडिट की व्यवस्था एक बार फिर प्रारंभ करने पर विचार कर रही है।

सरकारी अनुदान की राशि से अपना खर्चा चलाने वाले निकायों पर जल्द ही प्री-ऑडिट की लगाम लगने वाली है। इस व्यवस्था के लागू होते ही सभी निकायों को सरकार से मिलने वाली राशि का पहले ऑडिट कराना होगा। इसके बाद ही वे राशि खर्च कर सकेंगे। इस व्यवस्था के अंतर्गत किसी भी तरह की फिजूल खर्ची पर संपरीक्षा विभाग खर्च करने के पहले ही पाबंदी लगा देगा। प्री-ऑडिट व्यवस्था लागू होने के बाद एक ओर जहां अनावश्यक खर्चों पर कटौती हो सकेगी, वहीं सभी निकाय राशि खर्च करने की अनुमति प्राप्त करने की गरज से स्वयं ही ऑडिट कराने के लिए तत्पर रहेंगे। इससे ऑडिट में होने वाली पेंडेंसी भी काफी हद तक कम हो सकेगी।



उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायतें, सभी विश्वविद्यालय, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, मंडी बोर्ड, हाऊसिंग बोर्ड सहित विभिन्न निकायों द्वारा केंद्र व राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त कर अपने विभागों का संचालन किया जाता है। यहां लगातार ऑडिट की पेंडेंसी होने व ऑडिट के दौरान आपत्तियों की भरमार को ध्यान में रखते हुए वित्त विभाग अब प्री-ऑडिट के पक्ष में है। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस संबंध में प्रदेश स्तर पर फाईल का मूवमेंट हो चुका है। इसी के आधार पर संभाग के सभी निकायों से प्री-ऑडिट के लिए सहमति मांगी गई है।

### वर्ष 2008 से पहले तक थी प्री ऑडिट की व्यवस्था

प्रदेश में वर्ष 2008 तक निकायों में प्री ऑडिट की व्यवस्था थी। तब संपरीक्षा विभाग के पास पंचायत विभाग के ऑडिट का जिम्मा नहीं था। इधर 2008 में पंचायत विभाग की भी जिम्मेदारी मिलने के बाद कार्य की अधिकता के कारण संपरीक्षा विभाग द्वारा ही प्री-ऑडिट व्यवस्था को कुछ समय के लिए शिथिल कर दिया गया था। इसका नतीजा ये हुआ कि निकायों को साल भर अपनी मर्जी व मनमाने तरीके से खर्च करने की छूट मिल गई। इसका उदाहरण वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर होने वाले ऑडिट के दौरान आने वाली ढेरों आपत्तियों के रूप में मिलने भी लगा।

### लिखित आदेश नहीं आया

प्रदेश में निकायों के लिए प्री-ऑडिट की व्यवस्था पुन: प्रारंभ होने व प्रदेश स्तर पर इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए जाने की तैयारी संबंधी सूचना प्राप्त हुई है, लेकिन इस संबंध में कोई लिखित आदेश या पत्र फिलहाल नहीं आया है।

- सौदागर सिंह ताण्डेय
संयुक्त संचालक
संपरीक्षा विभाग

### एक भी निकाय ने अब तक नहीं दी प्री-ऑडिट की सहमति

संभाग के एक भी निकाय ने अब तक प्री-ऑडिट कराने की सहमति नहीं दी है। संपरीक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी निकायों को शासन की मंशा से अवगत कराते हुए प्री-ऑडिट हेतु सहमति मांगी थी। इसके विपरीत आज दिनांक तक एक भी निकाय ने इसके लिए सहमति नहीं दी है। इसके उलट रविशंकर विवि, खैरागढ़ विवि, रायपुर नगर निगम, इंदिरा गांधी कृषि विवि व दुर्ग नगर निगम सहित अनेक निकायों ने प्री-ऑडिट के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है।


जनता के दिलों में राज करने वाले हमारे प्रेरणास्रोत
छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी
के अवतरण दिवस पर
अनंत मंगल कामनाएं...
संजय खण्डेलवाल
शंकर मेघानी
मनोज भंडारी
नरेन्द्र कछवाहा
राजेन्द्र शर्मा
प्रवेश चड्डा
बबलू खण्डेलवाल
हारिकेश पाण्डेय
विजय अग्रवाल जी
शुभकामनाओं सहित : संजय खण्डेलवाल, बिलासपुर

30- APR- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 4/30/2025 6:46 PM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 1 मई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यशाला

## सिम्स के छात्रों को शोधकर्ता के रूप में तैयार करने का प्रयास



**बिलासपुर।** छग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के बायोकैमिस्ट्री व्याख्यान कक्ष में 29 और 30 अप्रैल को प्रथम वर्ष के पीजी छात्रों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं रिसर्च मेथडोलॉजी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य नवप्रवेशित पीजी विद्यार्थियों को संस्थान की कार्यप्रणाली, नैदानिक व्यवस्थाओं, चिकित्सा अनुसंधान की मूलभूत समझ और अनुसंधान कौशल से परिचित कराना था। संस्थान के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि सिम्स में स्नातकोत्तर शिक्षा केवल चिकित्सकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि हम अपने छात्रों को एक ज़िम्मेदार चिकित्सक और संवेदनशील शोधकर्ता के रूप में तैयार करने का प्रयास करते हैं। डॉ. सागरिका प्रधान ने बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और पोस्ट एक्सपोजर प्रोफाइलेक्सिस पर सत्र लिया। डॉ. स्त्रेया टोडी ने दवा लेखन, रेशनल प्रिस्क्राइबिंग और फार्माकोलॉजिकल ऑडिट पर व्याख्यान दिया। डॉ लखन सिंह ने अनुसंधान को चिकित्सा शिक्षा का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि आज के चिकित्सा विद्यार्थियों के लिए केवल अच्छे चिकित्सक बनना पर्याप्त नहीं है। डॉ. केशव कश्यप ने हेल्थ रिसर्च के बुनियादी सिद्धांत और डॉ. सागरिका प्रधान द्वारा रिसर्च क्वेश्चन निर्माण की रणनीति पर व्याख्यान दिए। डॉ. मोनिका साहू, डॉ. स्त्रेया टोडी और डॉ. सचिन पांडे ने साहित्य समीक्षा, अध्ययन डिज़ाइन तथा सैंपल साइज निर्धारण एवं पॉपुलेशन चयन जैसे तकनीकी विषयों पर सरल और व्यावहारिक तरीके से मार्गदर्शन किया।

धर्म-क्षेत्र

## हवन, भण्डारा के साथ भागवत कथा का हुआ समापन



**बिलासपुर।** श्री विहार सरकंडा स्थित शारदाश्री गार्डन में चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ का बुधवार को हवन, पूजन, भण्डारा के साथ भव्य समापन हुआ। कथा व्यास भागवत भूषण पं. अनिल शर्मा कोसला ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। तुलसी वर्षा, अवभृथ स्नान के बाद ब्राहमण भोज कराया गया। कथा के मुख्य यजमान शिरोमणि, इंदिरा शर्मा रहे। इस मौके पर सूर्यकांत, रविकांत, मनीषा, सुप्रिया शर्मा, गंगोत्री पाण्डेय, नीरा मिश्रा, पदमा दुबे, मीना चौबे, साधना, सरोजनी मिश्रा, कमोदिनी गौरहा, मंजू मिश्रा, प्रतिभा शास्त्री, गायत्री तिवारी, अक्षत, सुहानी, श्रीदा, शांभवी सहित अन्य श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे। श्री विहार सरकंडा स्थित शारदाश्री गार्डन में चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ का बुधवार को हवन, पूजन, भण्डारा के साथ भव्य समापन हुआ। कथा व्यास भागवत भूषण पं. अनिल शर्मा कोसला ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। तुलसी वर्षा, अवभृथ स्नान के बाद ब्राहमण भोज कराया गया।



समारोह

## कर्मा जयंती पर बच्चों ने नृत्य-संगीत की दी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** साहू रेल कर्मचारी सभा एवं जय मां कर्मा महतारी शक्ति समिति के संयुक्त तत्वावधान में नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में कर्मा जयंती मनाई गई। इस पावन अवसर पर सामाजिक परिचय, युवक -युवती परिचय व सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर डिवीजन के विभिन्न लॉबियों से साहू रेल कर्मचारी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा साव, पुष्पा साहू, अर्चना साहू, भारती साहू, जीवन दास एवम सनत साव द्वारा किया गया। कार्यक्रम और समिति के संयोजक संजय साहू ने कहा कि रेलवे में इसकी शुरूआत 2015 से चली आ रही है, इसकी वैचारिक कल्पना सर्वप्रथम ललित कुमार साहू ने की थी। तब से लेकर आज पर्यंत तक संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती मनाते आ रहे हैं। जय मां कर्मा महतारी शक्ति समिति के अध्यक्षा योगिता साहू ने कहा कि इस बार समारोह को अधिक व्यवस्थित, डिजिटल और पेशेवर के रुप में प्रस्तुत किया गया है। बच्चों द्वारा चित्रकला, गीत संगीत, नृत्य, गिटार वादन, गज़ल आदि कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति हुईं। इसी प्रकार महिलाओं द्वारा सलाद सजाओ, मेहंदी लगाओ, एकल व समूह गायन, सुआ नृत्य प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर हितेश्वरी साहू, नंदिनी, दुर्गा, कल्पना सहित अन्य मौजूद थे।

# अक्षय तृतीया पर सत्तू, घड़े का दान, मंदिरों में पूजा

अक्षय तृतीया पर्व बुधवार को उत्साह से मनाया गया। पर्व के चलते दिन भर दान-पुण्य का क्रम चला। सत्तू व घड़े का दान किया गया। इससे बाजार में भी हलचल रही। मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। कई स्थानों में प्याऊ घर खोला गया। अक्षय तृतीया तिथि पर की गई पूजा, दान से मिलने वाला पुण्य कभी खत्म नहीं होता है। इसी तिथि पर त्रेता युग की शुरुआत हुई थी इसलिए इसे युगादि तिथि भी कहा जाता है। इस तिथि पर भगवान परशुराम प्रकट हुए थे। परशुराम चिरंजीवी यानी अक्षय हैं, इसलिए इस तिथि को अक्षय तृतीया और चिरंजीवी तिथि कहते हैं। अक्षय तृतीया पर नए बर्तन और सोना खरीदने की भी परंपरा है। स्कंद पुराण के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन खरीदा गया सोना कभी नष्ट नहीं होता और समृद्धि देने वाला होता है।





नव विवाहिताओं को खुशहाल जीवन प्रारंभ करने दी शुभकामनाएं

## शोभा टाह फाउंडेशन ने किया 10 जोड़ों का कन्यादान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कन्यादान महायज्ञ महान पुनीत कार्य शोभा टॉह फाउंडेशन ने अक्षय तृतीया पर बुधवार को जगन्नाथ मंगलम में 10 जोड़ों का कन्यादान किया एवं उन्हें खुशहाल जीवन प्रारंभ करने शुभकामनाएं दी गई।

शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष कन्यादान महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी अक्षय तृतीया पर यह आयोजन किया गया। आयोजन का यह 12वां वर्ष रहा। इस आयोजन में केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, नगर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, जय सिंह अग्रवाल, विजय केसरवानी, प्रमोद नायक, रविंद्र सिंह डॉ एलसी मढ़रिया, राजीव अग्रवाल, शेखर मुदलियार सहित अनेक नागरिक आशीर्वाद समारोह में उपस्थित रहे। शोभा टाह फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल टाह ने सभी कन्याओं को उपहार स्वरूप गृहस्थी में उपयोग होने वाले सामान भेंट में दिए और बताया कि आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का ससम्मान विवाह कराना है। उन्होंने सभी नव विवाहिताओं को खुशहाल जीवन प्रारंभ करने शुभकामनाएं दी। स्वामी डॉ मनोहर भंडारी संस्थापक श्री श्री महायोग धारा पीठ श्री श्री अघोरेश्वर महाकाल दरबार बिजौर सेंदरी ने आश्रम के अन्य भक्तों के साथ नव विवाहित कन्या वर को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

**इनकी रही सहभागिता :** मंगल परिणय कार्यक्रम में हरिहर ऑक्सीजोन के सदस्य अंजलि चावड़ा, संतोषी वर्मा, किरण साहू, मोना बोड़के, आरती रजक, शेफाली घोष, सुमन रेड्डी, पुष्पा चंद्राकर, अन्नपूर्णा यादव, प्रीति चौहान, सीमा कुंभज, रीटा रजक, नंदिनी पाटनवार, शकुंतला पाटनवार ने सहयोग प्रदान करते हुए प्रत्येक कन्याओं के साथ लग्न पूजन में सहभागिता प्रदान की।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर शोभा टाह फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल टाह, भुवन, संजय वर्मा, श्रीराम यादव, ताराचंद साहू, भारत कश्यप, राम बघेल बरेठ, पंकज कुंभज, शिव शंकर अग्रवाल, विनय पंकज, बृजेश सिंह, रमाकांत सोनी, गनेश बोड़के, एसपी रजक की उपस्थिति रही। सुधा शर्मा एवं उनकी टीम ने कन्यादान महायज्ञ की कन्याओं के लिए ब्यूटी पार्लर की व्यवस्था की थी।

### ये बंधे परिणय सूत्र में

परिणय सूत्र में बंधे तान्या सूर्यवंशी-विक्रम कुमार अंगार, यजुला गायत्री-राहुल, मंजू केवट-सुनील केंवट, दीपा कांडेकर-पीयूष कुमार टण्डन, आरती केंवट-सालिकराम केंवट, सोनम वर्मा-हरीश वर्मा, सरिता मौर्य-आदित्य वासुदेव, संतोषी दास-राजेश पूरी, नैना सूर्यवंशी-हर्ष राज सूर्यवंशी, दुर्गा केंवट-योगेश कुमार का मंगल परिणय कार्यक्रम मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

## माहेश्वरी समाज की सखियों ने किया दान



माहेश्वरी समाज की सखियों ने अलग-अलग दान दिया और संकल्प लिया कि श्रेष्ठ, जरूरतमंद को मदद करने काम करेंगे। अच्छा काम करने से खुद को संतुष्टी मिलती है। उन्होंने कहा कि यह तिथि बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन कमाया पुण्य अक्षय होता है। राजस्थान में इस पर्व पर गेहूं, बाजरे की खिचड़ी, आमरस, मूंग बड़ी की सब्जी बनाने का रिवाज है। गरीब लोगों को जरुरत का सामान दिया जाता है। इस पुण्य काम में विनीता, सुधा, अंजना, किरण, ममता, सरोज, ज्योति, पूजा, आभा, श्वेता पुष्पा, रेखा, पूनम, शीला, संगीता आदि सखियों ने सहभागिता निभाई।

## महिला कृषकों ने मनाया अक्ती त्यौहार



कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि महाविद्यालय डॉ एन.के. चौरे अधिष्ठाता की अध्यक्षता में केंद्र के सभागार में अक्ती त्यौहार मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना कर किया गया। डॉ चौरे अधिष्ठाता ने प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए कृषकों से आग्रह किया कि खेतों में कम से कम रासायनिक खाद एवं कीटनाशक का प्रयोग करें। केंद्र की प्रभारी डॉ शिल्पा कौशिक ने कृषकों को खेती में अक्ती त्यौहार की महत्ता बताई। इस दिन किसान अपनी फसलों की कटाई का जश्न मनाते हैं। अक्षय तृतीया को समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। वैज्ञानिक डॉ गीत शर्मा ने खेती में बीज के उचित प्रयोग, बीज उपचार के महत्व, खेती में अक्षय तृतीया के दिन से प्रारंभ कार्य एवं दान कभी भी क्षय नहीं होना बताया।

## परशुराम जन्मोत्सव पर कान्यकुब्ज भवन में हवन, पूजन

आज बाजे-गाजे के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा



परशुराम जन्मोत्सव पर समग्र ब्राम्हण व परशु सेना द्वारा चार दिवसीय आयोजन किया गया है। इसी के तहत बुधवार को नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति ने कान्यकुब्ज भवन इमलीपारा में भव्य पूजा-अर्चना, हवन, कीर्तन कर भोग, प्रसाद का वितरण किया। गुरुवार 1 मई को साढ़े 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

**बिलासपुर।** समिति के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित, समाज के पदाधिकारियों, विप्र समाज के लोगों की उपस्थिति में पांच पंडितों की टीम ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की। हवन, आरती के बाद भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विवेक बाजपेयी, राम प्रसाद शुक्ला, बीके पाण्डेय, राजकुमार तिवारी, मनोज शुक्ला, प्रभात मिश्रा, कृष्ण मोहन पाण्डेय, देवी प्रसाद शुक्ला, चन्द्रप्रकाश बाजपेयी, राजेन्द्र शुक्ला, शिवा मिश्रा, दिव्य प्रकाश दुबे, राजन दीक्षित, संदीप बाजपेयी मान्टू मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, संजय शर्मा, दिनेश त्रिपाठी, गोपाल मिश्रा, राजेश, रितेश शुक्ला,डॉ आरती पाण्डेय, किरण, निरूपमा बाजपेयी, अर्चना, रीता तिवारी, वंदना शुक्ला, रोशनी दीक्षित, जयश्री शुक्ला सहित समग्र ब्राम्हण समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे। अंत में इमलीपारा भवन के सामने प्याऊ का शुभारंभ किया गया।




### परशुराम भवन में पूजा व प्रसाद वितरण

ब्राह्मण समाज यदुनंदन नगर ने इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम का प्रगटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान परशुराम भवन में पूजा-अर्चना कर भोग प्रसाद का वितरण किया गया। दूसरे दिन गुरुवार 1 मई को शाम साढ़े 4 बजे शीतला माता मंदिर दयालबंद से निकलने वाली शोभायात्रा में शामिल होकर देवकीनंदन स्कूल में पूजा आरती कर भोग प्रसाद प्राप्त किया जाएगा। सर्व ब्राह्मण समाज यदुनंदन नगर तिफरा प्रक्षेत्र से आग्रह है कि शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य के सहभागी बनें।

### विभूतियों का होगा सम्मान

गुरुवार 1 मई को साढ़े 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शीतला मंदिर दयालबंद से निकल कर गांधी चौक, जूना बिलासपुर, गोल बाजार, सदर बाजार होते हुए देवकीनंदन दीक्षित स्कूल प्रांगण पहुंच कर धर्म सभा के रूप में परिणित हो जाएगी। महाआरती के बाद संत चिन्मयानंद बापू महराज का आशीर्वचन होगा। इसके बाद सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें विप्र समाज के मार्गदर्शक, प्रेरणा स्रोत वरिष्ठ विप्रजनों, प्रतिभाशाली युवाओं व गौरवशाली विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से महाप्रसाद का वितरण होगा। शाम 6 बजे परशुराम चौक राजकिशोर नगर स्मृति वन के पास भव्य महाआरती कर भोग प्रसाद बांटे जाएंगे।

### भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम

भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम एक ऐसे अवतार माने जाते हैं, जो ब्राह्मण होते हुए भी क्षत्रियों के समान शस्त्रधारी और योद्धा थे। परशुराम जयंती प्रतिवर्ष वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस दिन अक्षय तृतीया का पर्व भी रहता है। जिससे इस दिन का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

### संसार को पिरोया एकता के सूत्र में

भगवान परशुराम ने संसार को एकता का सूत्र एवं सभी जाति व समाजों में समरसता का संदेश दिया है। भारतीय वाङमय में सबसे दीर्घ जीवी चरित्र परशुरामजी का है। सतयुग के समापन से कलयुग के प्रारंभ तक उनका उल्लेख मिलता है। भगवान परशुरामजी के जन्म समय को सतयुग और त्रेता का संधिकाल माना जाता है। दुष्टों का दमन और संत-पुरूषों को संरक्षण उनके चरित्र की विशेषता है।

## मां दुर्गा स्वरूप में सोलापुरी माता की पूजा अर्चना के लिए उमड़े श्रद्धालु



**बिलासपुर।** श्री सोलापुरी माता पूजा समिति द्वारा बारह खोली चौक, स्टेशन रोड में आयोजित सोलापुरी माता पूजा उत्सव के छठवें दिन मां दुर्गा के रूप में माता की पूजा अर्चना की गई है। मां दुर्गा सनातन में शक्ति, साहस और विजय की प्रतीक है, जिसे दैवीय ऊर्जा का प्रमुख स्त्रोत माना जाता है। देवी ने असुरों का संहार कर धर्म की स्थापना की। मां दुर्गा को नौ रूपों में पूजा जाता है। देवी दुर्गा के इसी महिषासुर मर्दिनी स्वरूप में स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उनकी पूजा अर्चना की गई। प्रतिदिन की भांति गीली हल्दी से उनकी प्रतिमा निर्मित की गई। पुजारी पार्थ सारथी ने सहयोगी पुरोहितो और बाल पुजारियो के साथ देवी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्हें खीर का प्रसाद अर्पित किया गया, जिसे नीरज ललपुरे द्वारा भेंट किया गया। इस अवसर पर देवी को अन्य विविध प्रकार के व्यंजन भी अर्पित किए जा रहे हैं , जिसमें चीला, इडली बड़ा, चंद्रकांतलू, बुरलू आदि सम्मिलित है। पूजा और आरती के पश्चात सफेद गणवेश में सम्मिलित महिला और पुरुष वालंटियर एक-एक श्रद्धालु तक आरती पहुंचाते हैं। वहीं सभी की बैठक व्यवस्था से लेकर उन्हें पेयजल प्रदान करना, उनकी सुरक्षा आदि की भी व्यवस्था इन्हीं वॉलिंटियर्स द्वारा की जा रही है। आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामाराव ने बताया कि खड़कपुर और दक्षिण भारत में मां सोलापुरी की पूजा अर्चना ग्रीष्मकल में होने वाली बीमारियों और गर्मी के प्रकोप से बचाव के लिए की जाती है। बिलासपुर में भी जिस दिन से देवी की स्थापना की गई तब से यहां का मौसम भी खुशनुमा हो गया है और हवा में शीतलता घुल गई है।

### लकी ड्रा के ये रहे विजेता

प्रतिदिन पूजा पंडाल पहुंचने वाले बच्चों और महिलाओं को निशुल्क निःशुल्क कूपन प्रदान किया जा रहा है। मंगलवार को अतिथि के रूप में डॉ विनोद तिवारी, डॉक्टर ओम मखीजा और एल एन मोनू परमानिक सम्मिलित हुए। बच्चों के समूह में वेदांत और हिमार्तिक के नाम की चिट निकली, जिन्हें स्टेशनरी सामग्री उपहार में दी गई , तो वहीं महिलाओं की श्रेणी में राधिका, पार्वती, पदमा रानी को साड़ी उपहार में दिया गया। इसके अलावा ममता दास, रजनी और टी मांगा को फोटो फ्रेम प्रदान किया गया। अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया।

स्पोर्ट्स न्यूज

## शहर के कराते खिलाड़ियों ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कराटे एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय आवासीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन अंबिकापुर में किया गया था, जिसमें राज्य भर के 20 जिलों के 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में ड्रीमलैंड हायर सेकंडरी स्कूल के 5 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें श्रेयांश खण्डेलवाल स्वर्ण पदक, आरुश पवार रजत पदक, दीप्ति साहू रजत पदक, चिनमय श्रीवास कांस्य पदक, मौली करौसिया कांस्य पदक जीते हैं। प्रिंसिपल निवेदिता सरकार ने बच्चों को सम्मानित करने समारोह का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में टीचर्स उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय कराटे में शामिल होने 9 खिलाड़ी आज होंगे रवाना

राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड में होने जा रहा है, इसमें भारत के लगभग 16 राज्य के सभी वर्ग में 500 खिलाड़ी शामिल होकर अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे। यह खेल कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से एफिलेटेड है। प्रतियोगिता में राज्य के 38 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें करादे एकेडमी से 9 खिलाड़ी भी शामिल है। इसमें बालिका वर्ग से अंडर 14 में वैष्णवी कौशिक 47 किग्रा टीनम देशमुख, 55 किग्रा, प्रिया यादव, 43 किग्रा, इच्छा नेताम, 40 किग्रा व अंडर 17 वर्ग में सोमेश्वरी साहू एवं बालक वर्ग से यश साहू, कुणाल सिंह, सौरभ गुप्ता एवं जयवर्धन पांडे शामिल है। कराटे एकेडमी के अध्यक्ष एवम कोच ठाकुर कर्ण सिंह एवं महिला कोच शिवानी बुधौलिया, सचिव हरिशंकर साहू, सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल तिफरा के प्रबंधक राकेश दुबे एवं स्कूल की अध्यक्ष सेलिना जॉर्ज ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।



dubel page_Layout 1 5/1/2025 1:40 AM Page 1





30 APRIL- BSP-PG-6-0_Layout 1 5/1/2025 12:49 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शिकायत समिति की शोभा अध्यक्ष



**बिलासपुर।** छ.ग. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर द्वारा महिलाओं की कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 की धारा 5 के प्रावधानों के अनुसार अधिनियम के क्रियान्वयन व दायित्वों के निर्वहन के लिए जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति का गठन किया गया है। इसमें अध्यक्ष शोभा कश्यप अधिवक्ता, सदस्य जया पाण्डेय, सावित्री घनश्याम रात्रे, गंगा साहू को बनाया गया है। गठित शिकायत समिति के अध्यक्ष तथा प्रत्येक सदस्य का कार्यकाल उनकी नियुक्ति तिथि से 3 वर्ष के लिए होगा।

### टिकैत पर मुकदमा दर्ज करने भाजपा किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** पहलगाम मामले में किसान नेता नरेश टिकैत द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध भारत सरकार द्वारा की गई कार्रवाई को गलत ठहराया। टिकैत के इस विवादित बयान के खिलाफ भाजपा किसान मोर्चा के सदस्यों ने जिला दंडाधिकारी को ज्ञापन देकर टिकैत पर कार्रवाई की मांग की। मांग करने वालों में दीपक सिंह ठाकुर, राकेश तिवारी, दीपक साहू, प्रशांत कश्यप, अमित तिवारी, नितिन छाबड़ा, देवेंद्र पाठक, सुमित्रा रावत, युवंश पाठक, साहिल, अमर दीवान, अमन सलूजा, अमन ताम्रकार, नितिन श्रीवास, सागर ठाकुर, नैतिक परिहार, मयंक ठाकुर, आशीष दुबे, जयेश तिवारी, आदित्य सिंह ठाकुर, राहुल सिंह ठाकुर, देवाशीष दत्त, अनिल सिंह चौहान आदि मौजूद थे।

### सर्विस विथ डेडिकेशन फाउंडेशन के सदस्यों ने बांटे पानी बाटल व गमछा



**बिलासपुर।** विजयापुरम सर्विस विथ डेडिकेशन फाउंडेशन के सदस्यों ने सोमवार को रेलवे स्टेशन में कुलियों व रिक्शा चालकों व फुटपाथ विक्रेताओं को 1 हजार एमएल के सेलो थर्मोस्टील पानी बाटल व गमछे का वितरण किया। इस कार्य में अविनाश कौर, निविया श्रीवास्तव, मीना आहूजा, आशा ताम्रकार, सुष्मित कौर, सविता रायजादा, सरस्वती साहू, बरखा मोदी, दीपिका महोरे, स्वाति शर्मा, पूनम पाठक, कविता मेहता, रोमी हाटी, रुक्मणि कश्यप, नीरजा तिवारी व रजनी तम्बोली आदि मौजूद थे।

### विश्व में शांति बाहुबल से नहीं, बल्कि योगबल से आएगी: बीके मंजू



**बिलासपुर।** शिव अनुराग भवन राजकिशोरनगर में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दिवंगत आत्माओं की शांति एवं पीड़ित परिवारों को संबल देने के लिए विशेष योग तपस्या का आयोजन किया गया। इसमें बीके मंजू ने कहा कि पूरे विश्व में अशांति का वातावरण है। विश्व में शांति की स्थापना के लिए परमात्मा का अवतरण हो चुका है। विश्व में शांति बाहुबल से नहीं, बल्कि योगबल से ही संभव है। भारत का प्राचीन राजयोग विश्व में मशहूर है। उन्होंने कहा कि कर्मों की गुह्य गति को समझना जरूरी है। कर्मक्षेत्र में जाने अनजाने कई पापकर्म हो जाते हैं, जिससे मुक्त होने मनुष्य दान पुण्य का सहारा लेते हैं। अच्छे कर्म का अच्छा फल अवश्य मिलता है, पर इससे पुराने विकर्म नष्ट नहीं होते। पापकर्मों की सजा अवश्य भोगनी होती है। राजयोग के अभ्यास से परमात्मा से ऐसी शक्ति प्राप्त होती है जिससे कर्मभोग पर आसानी से विजय प्राप्त कर सकते हैं।

### जम्मू जाने वाली ट्रेन पर नहीं पड़ रहा पहलगाम में हमले का असर

**बिलासपुर।** पहलगाम में आतंकी हमले का भी असर छत्तीसगढ़ से जम्मू की ओर जाने वाली दोनों ट्रेनों पर नहीं हो रहा है। वर्तमान मे हमले के बाद भी सप्ताह में दो दिन चलने वाली दोनों ट्रेनों की हालत ऐसी है कि स्लीपर के आंकड़े ने शतक का आंकड़ा पार कर दिया है, जिसकी वजह से कंफर्म टिकिट नहीं मिल पा रही है।
छत्तीसगढ़ प्रदेश से नई दिल्ली और जम्मू की ओर जाने वाली दो ट्रेनें मंगलवार और बुधवार को दुर्ग से रायपुर, भाटापारा और उसलापुर रेलवे स्टेशन से रवाना की जाती है। यह ट्रेन ऐसी है कि इसमें सामान्य यात्रियों से ज्यादा मजदूरों की संख्या रहती है, जो अपने परिवार के अलावा पूरे साजो सामान के साथ ट्रेन के स्लीपर और एसी थ्री कोच में सफर करते हैं। पूरे माह में प्रति सप्ताह दो दिन चलने वाली दुर्ग-जम्मूतवी का विस्तार पिछले कुछ दिनों से ऊधमपुर तक करने के बाद अब यात्रियों को कटरा मां वैष्णो देवी मंदिर तक जाने की सुविधा भी मिल रही है। इसकी वजह से दोनों ट्रेनों में यात्रियों को कंफर्म टिकिट और आरामदायक सफर करने के लिए दो माह पहले से ही बुकिंग करना पड़ता है। मजदूरों से भरी ट्रेन जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस कामर्शियल विभाग के कमाई का जरिया भी बन चुकी है, जिसमें सफर करने के लिए एक-एक मजदूर टीटीई से 900 रुपए की रसीद कटवाते हैं। इन मजदूरों से टीटीई को कामर्शियल अफसरों से मिलने वाला टारगेट पूरा हो जाता है। इसमें प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम की शुरुआत होने के साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश से जम्मू की ओर जाने वाले मजदूरों की भीड़ रहती है। यह मजदूर साल में एक या दो बार ही वापस प्रदेश में लौटते हैं। इसी तरह का हाल पिछले दो माह यानि फरवरी से भी हो गया है। फरवरी और मार्च दो माह तक रेल प्रशासन ने जम्मू डिवीजन में अधोसंरचना काम की वजह से ट्रेन को बंद कर दिया था, जिसके कारण अब अप्रैल माह की शुरुआत से ही ट्रेन में भीड़ शुरु हो गई है। इस ट्रेन में मजदूरों के अलावा बच्चों के समर वेकेशन की शुरुआत होने के साथ ही लोग कटरा, दिल्ली, पंजाब की ओर जा रहे हैं।

---

### सबसे अधिक 2752 रुपए और सबसे कम 1912 प्रति क्विंटल की कीमत भरी गई

# बिलासपुर, मुंगेली में 14 लाख क्विंटल धान की होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में से 35 लाख मीट्रिक टन धान सरकार नीलाम कर रही है। इसके लिए टेंडर भी किया गया है। बिलासपुर की बात करें तो अभी भी उपार्जन केन्द्रों में 9 लाख क्विंटल धान पड़ा है। इसके साथ ही मुंगेली जिले के पांच लाख क्विंटल धान की नीलामी भी बिलासपुर से होनी है। जिले के 32 राइस मिलर्स ने राज्य स्तर पर जारी इस टेंडर में बोली लगाई है। सबसे अधिक बोली 2752 रुपए की प्रति क्विंटल और सबसे कम 1912 रुपए की लगाए जाने की जानकारी मिली है। खास बात यह है कि धान की कोई न्यूनतम कीमत यानी बेस रेट सरकार ने नहीं रखी है, जो बोलीदार सबसे अधिक बोली लगाएगा, उसे धान बेचा जाएगा। यानी बोली लगाने वाले खुद धान की कीमत तय करेंगे। ज्ञात हो कि राज्य सरकार ने किसानों से प्रति क्विंटल 31 सौ रुपए की दर से धान की खरीदी की है। इससे कम दर आने पर राज्य शासन को नुकसान तय है। इसलिए सरकार की ओर से कीमत पर ध्यान दिया जा रहा है।

ज्ञात हो कि वर्ष 2024-25 में प्रदेशभर के 25 लाख 49 हजार 592 किसानों से 149 लाख टन धान की खरीदी की गई थी। इसमें नागरिक आपूर्ति निगम और एफसीआई के कोटे में कस्टम मिलिंग के जरिए 123 लाख टन का निराकरण किया जाएगा। वहीं चावल जमा करने के बाद करीब 35 लाख टन धान अतिशेष है। यह प्रदेशभर के संग्रहण केन्द्रों में डंप है। इसकी नीलामी के लिए राज्य शासन द्वारा जैसे है वैसे की स्थिति में बोलीकर्ता से टेंडर मंगाए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक ई-आक्शन के जरिए राज्य शासन द्वारा धान की नीलामी कराई जाएगी। बिलासपुर की बात करें तो इस साल कुल एक लाख 37 हजार किसानों से 78 लाख क्विंटल धान खरीदी करने का टारगेट रखा गया था, जिसे पूरा कर लिया गया था। इसमें से 69 लाख क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जबकि 9 लाख क्विंटल धान मोपका तीन उपार्जन केन्द्रों में अभी भी डंप है।

#### कम रेट आया तो करोड़ों का नुकसान

माना जा रहा था कि राज्य और केन्द्र में भाजपा की सरकार होने से धान का कटोरा कहे जाने वाले छग में धान का निराकरण कर लिया जाएगा। धान खरीदने से लेकर ट्रांसपोर्टिंग व रखरखाव के बाद प्रति क्विंटल धान में 28 सौ रुपए खर्च होता है। ऐसे में अगर 28 सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से रेट नहीं आए तो राज्य शासन को करोड़ों का नुकसान होगा।

#### राज्य स्तर पर निकाला गया है टेंडर

अतिरिक्त धान की नीलामी के लिए राज्य स्तर पर टेंडर निकाला गया है। बिलासपुर के भी 30 से अधिक राइस मिलर्स द्वारा इसमें बोली लगाए जाने की जानकारी मिल रही है। जिले के तीन उपार्जन केन्द्रों में 9 लाख क्विंटल धान पड़ा है। इसके साथ ही मुंगेली जिले के पांच लाख क्विंटल धान की नीलामी भी बिलासपुर से होनी है।

- शंभू गुप्ता, जिला विपणन अधिकारी

---

### विवि की ग्रेडिंग देख छात्र एडमिशन तो ले रहे हैं पर उन्हें पढ़ाने के लिए शिक्षक नही

# उच्च शिक्षा विभाग में 5 साल से भर्ती नहीं प्रदेश के 9 बड़े विवि में 2255 पद रिक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के टॉप विश्वविद्यालय बिना प्रोफेसर व स्टाफ के भगवान भरोसे संचालित हो रहे हैं। हाल यह है कि बीते पांच साल से विश्वविद्यालयों में ऐसे हालात बने हुए हैं। विवि की ग्रेडिंग देख छात्र एडमिशन तो ले रहे हैं पर उन्हें पढ़ाने के लिए शिक्षक भी उपलब्ध नहीं हैं। प्रदेश के 9 बड़े विश्वविद्यालयों में कुल 2255 पद रिक्त हैं। इनमें 717 पद शैक्षिणक हैं जिन पर सिर्फ 188 कार्यरत हैं। वहीं बाकी के 533 पद खाली हैं। इसके अलावा अशैक्षिणक 952 पद भी खाली हैं। इन सब हालातों के बाद भी बीते 3 सालों से 595 प्रोफेसरों की भर्ती रुकी हुई है। इसी कारण करीब 50 हजार से ज्यादा स्टूडेंट की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बिलासपुर में अटल बिहारी बाजपेयी विवि में शैक्षणिक के 18 और गैर शैक्षणिक के 122 पद खाली है। इसी तरह पं. सुंदर लाल शर्मा विवि में शैक्षणिक के 5 और गैर शैक्षणिक के 24 पद खाली हैं। गौरतलब है कि यह मामला विधानसभा में भी उठा था, जिसमें सरकार ने स्वीकार किया था कि विश्वविद्यालयों में कुल 1524 पद रिक्त हैं। इनकी भर्ती हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सभी जगहों पर इसके लिए कोशिश की जा रही है। बिलासपुर की ही बात करें तो अटल बिहारी बाजपेयी विवि में शैक्षणिक के कुल 45 पद हैं इनमें से 18 खाली हैं। इसी तरह गैर शैक्षणिक के कुल 157 पद हैं जहां 122 पद खाली है। इसी तरह पं. सुंदर लाल शर्मा विवि में शैक्षणिक के कुल 21 पद हैं इसमें से 5 खाली हैं। गैर शैक्षणिक के कुल 55 पदों में से 24 पद खाली हैं। प्रदेश भर में सबसे अधिक पद रायपुर के पं. रविशंकर विवि में खाली हैं। यहां शैक्षणिक व अशैक्षिणक मिलाकर आधे से ज्यादा यानी 296 पद खाली हैं। इसके बाद बस्तर विवि में 163 और सरगुजा विवि में 146 से ज्यादा पद खाली हैं।

■ अटल विवि में कुल 140 पद तो 29 पद खाली, भर्ती में देरी से छात्र हो रहे परेशान

#### फैक्ट फाइल

| विश्वविद्यालय | शैक्षणिक कार्यरत | रिक्त | गैर शैक्षणिक कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| अटल बिहारी वाजपेयी विवि | 17 | 18 | 35 | 122 |
| पं सुन्दरलाल शर्मा विवि | 16 | 5 | 31 | 24 |
| नंद कुमार पटेल विवि रायगढ़ | 0 | 0 | 5 | 57 |
| पं. रविशंकर शुक्ल विवि | 86 | 163 | 298 | 298 |
| हेमचंद यादव विवि | 0 | 35 | 24 | 116 |
| बस्तर विश्वविद्यालय | 6 | 195 | 31 | 163 |



#### पत्रकारिता विवि में 20 पद खाली

छत्तीसगढ़ के एकमात्र पत्रकारिता विवि का हाल भी कुछ ठीक नहीं है। यहां टीचिंग स्टाफ के 27 पद स्वीकृत हैं। इनमें से सिर्फ 7 कार्यरत हैं बाकी के 20 पद रिक्त हैं। यहां तक की इस विवि में कुलपति का पद भी खाली है। इसी तरह पं. सुंदर लाल शर्मा विवि बिलासपुर में इसी के कुल 21 पद हैं इसमें से 5 खाली हैं। गैर शैक्षणिक के कुल 55 पदों में से 24 पद खाली हैं। कांग्रेस की ओर से इस पर कहा गया है कि शिक्षित युवाओं को सरकार रोजगार नहीं दे पा रही है, पद रिक्त होने के बाद भी युवाओं को रोजगार के लिए भटकना पड़े तो यह बेहद ही चिंताजनक विषय है। जल्द ही रिक्त पदों पर भर्ती की जानी चाहिए।

#### भर्ती कार्रवाई प्रक्रियाधीन

विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक के पद खाली हैं। इनकी भर्ती हेतु कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। सभी जगहों पर रिक्त पदों के हिसाब से वेकेंसी निकाली गई है।

- **प्रवीण पांडे,** अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग

---

## गर्मी में ट्रेन चालकों के तप रहे सर, किया मुंडी गरम प्रदर्शन



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते लोको रनिंग एसोसिएशन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी के कारण ट्रेन चलाने वाले चालकों की इंजन के अंदर बैठने के बाद मुंडी गरम हो रही है। हालत खराब होने के कारण कई चालक बीमार भी पड़ रहे हैं, जिसकी वजह से उनका परिवार भी प्रभावित हो रहा है। इसके विरोध में लोको रनिंग एसोसिएशन ने धरना प्रदर्शन करते हुए इंजन में एसी लगाने मांग की है।

रेलवे के अनुसार नए ट्रेनों के साथ बन रहे नए इंजन एसी युक्त हैं, जिसमें चालकों और परिचालकों को काफी सुविधाएं भी मिल रही है। वहीं बिलासपुर डिवीजन और जोन से चलने वाली ट्रेनों के इंजन में अब तक न तो कूलर लगे हैं और न किसी तरह का एसी रेल प्रशासन की ओर से लगाया गया है। भीषण गर्मी और दोपहर की तेज धूप में इंजन गरम होने के कारण चालक, परिचालकों की हालत भी खराब हो रही है। इंजन में एसी लगाने की मांग को लेकर कई बार लोको रनिंग स्टाफ ने धरना प्रदर्शन किया और अपने परिवार के साथ भूखे प्यासे भी रहे। इसका कोई भी प्रभाव अब तक रेलवे के किसी भी अफसरों पर नहीं पड़ा है।

रेल इंजन की गर्मी से परेशान सैकड़ों की संख्या में लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों ने बुधवार की सुबह आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर जोन मुख्यालय के सामने मुंडी गरम प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के जोनल महासचिव

#### सीट लकड़ी के पटिए की

जोनल महासचिव व्ही के तिवारी ने बताया कि परंपरागत इंजन में लकड़ी के पटिए वाली सीटें लगी हैं, पैर हवा में लटके रहते हैं। यहां भारत सरकार ने खुले में शौच न करने की व्यापक मुहिम चलाई है। वहीं ड्यूटी के दौरान महिला लोको पायलट भी खुले में शौच करने मजबूर हैं। उपरोक्त इंजन कैब की परिस्थितियां मिशन जीरो एसपीएडी के लिए सबसे बड़ी बाधा है। इसके लिए रेल प्रशासन से मांग की गई है कि सभी लोको कैब वातानुकूलित करने के अलावा टूल्स बॉक्स व जीपीएस आधारित आरटीआईएस के साथ एफएसडी लगाई जाए। लोको पायलट, सहायक लोको पायलट व फूट प्लेट निरीक्षक के लिए आरामदायक सीट लगाने के साथ अन्य सुविधा दी जाए।

व्हीके तिवारी ने बताया कि रेलवे के 15 हजार इंजनों में कुछ नए इंजनों को छोड़कर अधिकांश में आज भी एसी नहीं लगाए गए हैं। जिन इंजन में एसी लगे हैं, उनका मेंटनेंस के अभाव में इंजन कैब का तापमान गर्मियों के समय तापमान 50 से 55 डिग्री हो जाता है, जो लोको पायलटों व संरक्षा के प्रति रेल प्रशासन की उपेक्षा को दर्शाता है। अनेकों संरक्षा समितियों एवं आरडीएसओ की अनुशंसाओं को भी लागू नहीं किया है। राष्ट्रव्यापी मुंडी प्रदर्शन के दौरान बिलासपुर डिवीजन के बिलासपुर, रायगढ़, शहडोल, अनूपपुर, उसलापुर, जांजगीर-चांपा सहित सभी शाखाओं के सैकड़ों लोको रनिंग स्टाफ मौजूद थे।

---

## योग वेदांत सेवा समिति ने निकाली अवतरण दिवस पर संकीर्तन यात्रा



**बिलासपुर।** श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में 19 अप्रैल को पुराने बस स्डैंड हनुमान मंदिर से संत श्री आशीराम के अवतरण दिवस पर विश्व सत्संग सेवा दिवस पर हरिनाम संकीर्तन यात्रा हर्षोल्लासपूर्वक निकाली गई। जो कि तेलीपारा, गोल बाजार, पुराना अरपा पुल, सीपत चौक होते हुए सत्संग भवन सरकंडा में समाप्त हो गई। समिति की महिला मंडल ने दिव्यांग बच्चों आश्रय दत्त कर्मशाला तिफरा एवं वृद्ध आश्रम में फल वितरण किया गया। शनिचारी बाजार में छाछ वितरण किया गया। शाम को पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर से संकीर्तन यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सत्संग भवन सरकंडा में बाल संस्कार के उत्तीर्ण छात्रों को साधकों ने पुरस्कृत किया। संकीर्तन यात्रा के दौरान साधक भक्तों ने जगह-जगह आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। लोगों को निःशुल्क सत्साहित्य वितरण किए गए।

■ यात्रा के दौरान किया गया प्रसाद का वितरण

## एआईबीईए के स्थापना दिवस पर मदर टेरेसा आश्रम में दान किया खाद्यान्न



**बिलासपुर।** ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के गठन को 80 वर्ष पूरे होने पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए मदर टेरेसा आश्रम में पिछले दिनों खाद्यान्न दान किया।

बैंक ऑफ इंडिया एम्पलाइज एसोसिएशन की स्थानीय इकाई के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मंगला स्थित मदर टेरेसा आश्रम में खाद्यान्न और दैनंदिनी वस्तुओं का दान किया गया। इस मौके पर बीआईओ एसोसिएशन की तरफ से आश्रम में सामाग्री प्रदान करने सुदेश बघेल, अमित रंजन, मनीष विश्वकर्मा, कृष्णा अहिरवार, रूपेश कुमार उपस्थित रहे। खाद्यान्न सामग्री देने पर आश्रम के सदस्यों ने एसोसिएशन के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के सदस्य समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं में खाद्य सामग्री का वितरण करते हैं।

■ मंगला स्थित आश्रम में किया दान

### बाबा सिद्धार्थ गौतम राम का अवतरण दिवस आज

**बिलासपुर।** अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के बिलासपुर शाखा के तत्वावधान में अघोर पीठ आश्रम चपोरा स्थित बांसाझाल में वाराणसी के 11 वें पीठाधीश्वर परम पूज्य अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम का अवतरण दिवस गुरूवार 1 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर आश्रम परिसर में श्रमदान के पश्चात सिद्धार्थ गौतम राम के तैल चित्र का पूजन किया जाएगा। आश्रम के सदस्यों द्वारा सामूहिक हवन-पूजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

---

### पूरा किराया देने के बाद भी यात्रियों को नहीं मिल रही है सुविधाएं

# रींवा और नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन चलती है लोकल की तरह, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जोनल रेलवे स्टेशन से चलने वाली मुख्य दो ट्रेन नर्मदा और रींवा एक्सप्रेस है, जिसमें एक्सप्रेस की तरह यात्रियों से किराया भी लिया जा रहा है। उसके बाद भी दोनों ट्रेन की चाल लोकल की तरह है, जो लोकल की तरह सभी छोटे-छोटे स्टेशनों में रूक-रूककर अपने गंतव्य तक पहुंच रही है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन से कटनी की ओर जाने वाली दो मुख्य ट्रेनें हैं, जिसमें पहली ट्रेन बिलासपुर से रींवा के बीच और दूसरी ट्रेन बिलासपुर से इंदौर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस है। इन दोनों ट्रेनों में अनूपपुर, शहडोल, उमरिया और कटनी मुड़वारा सहित मैहर, सतना सहित इंदौर की ओर जाने वाले यात्रियों की काफी भीड़ रहती है। बिलासपुर से इंदौर के बीच चल रही नर्मदा एक्सप्रेस को शुरु से ही एक्सप्रेस बनाकर रेल प्रशासन चला रही है, लेकिन वर्तमान में चल रही बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस का पहले बिलासपुर-रींवा पैसेंजर बनकर परिचालन किया जा रहा था। यह ट्रेन बिलासपुर से रवाना होने के बाद उसलापुर, करगीरोड, घुटकू, सल्कारोड, बेलगहना, टेंगनमाड़ा, खोंगसरा, भनवारटंक, खोडरी, सारबहरा, पेण्ड्रारोड, वेंकटनगर, जैतहरी, अनूपपुर जंक्शन, अमलाई, बुढ़ार, छादा, शहडोल, बिरसिंहपुर, उमरिया, चंदिया रोड, कटनी जंक्शन, अमदारा, मैहर, उछेरा, सतना जंक्शन, तुरकी रोड होकर रींवा दूसरे दिन सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर पहुंचती है। दो साल से बिलासपुर-रींवा पैसेंजर को एक्सप्रेस बनाकर चलाना शुरु कर दिया है। इस ट्रेन में एक्सप्रेस बनाने के साथ ही स्लीपर और एसी थ्री कोच की संख्या भी बढ़ा दी गई है, ताकि यात्रियों को एक्सप्रेस की तरह ट्रेन में सफर करने का अनुभव हो सके। इसी तरह का हाल बिलासपुर से कटनी मुड़वारा की ओर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस का भी है।

यह ट्रेन बिलासपुर से एक्सप्रेस बनकर इंदौर की ओर सुबह 11.15 बजे रवाना होती है, लेकिन एक्सप्रेस की बजाय लोकल की तरह ट्रेन का स्टापेज उसलापुर, घुटकू, करगीरोड, बेलगहना, खोंगसरा, पेण्ड्रारोड, जैतहरी, अनूपपुर जंक्शन, अमलाई, बुढ़ार सहित अन्य छोटे स्टेशन में किया जा रहा है। दोनों ट्रेनों में रेल प्रशासन किराया तो एक्सप्रेस की तरह यात्रियों से वसूल कर रही है, लेकिन यात्रियों को ट्रेन में सफर करने की सुविधा लोकल की तरह मिल रही है।

#### दोनों ट्रेनों में रहती है वेटिंग

रींवा एक्सप्रेस और नर्मदा एक्सप्रेस दोनों जोन की ऐसी ट्रेन हैं, जिसमें यात्रियों की काफी भीड़ रहती है। इंदौर की ओर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस एकमात्र ट्रेन है, जिसका स्टापेज जबलपुर, मदन महल, सोहागपुर, इटारसी, रानी कमलापति, भोपाल जंक्शन, सिहोर और उज्जैन में भी होती है। इसकी वजह से इस ट्रेन में जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण वेटिंग का आंकड़ा भी 50 से अधिक का रहता है। स्लीपर और एसी कोच में जगह नहीं मिलने के कारण मजबूरी में यात्री जनरल कोच में लटककर सफर करते हैं।

### बजरंग पंचायत मंदिर मगरपारा में पटेल समाज के सौजन्य से शीतल पेयजल का उद्घाटन




**बिलासपुर।** बजरंग पंचायत मंदिर मगरपारा में पटेल समाज के सौजन्य से शीतल पेयजल का उदघाटन किया गया। जिसमें वार्ड पार्षद वंदना महेश चन्द्रिकापुरे, शोभा कश्यप, मीना गोस्वामी, रीना गोस्वामी, पूजा खत्री, पूनम श्रीवास, धीरेन्द्र केशरवानी, नारायण गोस्वामी, गणेश रजक, महेश चन्द्रिकापुरे, मनोज कश्यप, आनंद साव, विक्रम सिंह, अमित श्रीवास, जोगी पटेल, गणेश पटेल, बली पटेल, शिव पटेल, मनहरण पटेल, ओमप्रकाश पटेल आदि मौजूद थे।


संघर्ष से शिखर तक आपके साथ
बेलतरा के लोकप्रिय यशस्वी विधायक
युवा हृदय सम्राट बड़े भईया
मान. श्री सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
विनीत :- जय वाधवानी - पार्षद, बैरिस्टर छेदीलाल नगर वार्ड क्र. 50




# भगवान परशुराम जन्मोत्सव

## की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....

दूषित हुई जब मातृभूमि सत्ता के अत्याचारों से गुरागा रोया था गुरुकुल जब पापी आतंकी व्यवहारों से तब विष्णु ने जन्म लिया धरती को मुक्त कराने को 'विद्युदभी फरसे का धारक परशुराम कहलाने को जमदग्नि- रेणुका पुत्र भृगुवंश से जिसका नाता विष्णु का ' आवेशावतार' शास्त्र शस्त्र का ज्ञाता था जटाजूट ऋषिवीर अनोखा, अद्भुत तेज का धारक था अभेद चट्टानों सा जो रिपुओं का संहारक था। शिव से परशु पाकर 'राम' से परशुराम कहलाया था अद्वीतिय योद्धा था जिससे हर दुश्मन थर्राया था प्रकृतिप्रेमी, ओजस्वी, मात-पिता का आज्ञाकारी थाइ एक सिंह होकर भी जो लाखो सेना पर भारी था ध्यानमग्न पिता को जब हैहय कार्तवीर्य ने काट दिया प्रण लेकर दुष्टों के शव से धरनी 21 बार था पाट दिया आततताइयों के रक्त से जिसने पंचझील तैयार किया कण-कण ने भारतभूमि का तब उनका आभार किया। मुक्त कराया कामधेनु को, धरती को उसका मान दिया ऋषि कश्यप को सप्तद्वी भूमण्डल का दान किया भीष्म, कर्ण, और द्रोण ने जिनसे शस्त्रों का ज्ञान लिया कल्पकाल तक रहने का जिनको विष्णु जी से वरदान मिला पक्षधर थे स्त्री स्वातंत्र्य के बहुपत्नीवाद पर वार किया हर मानव को अपनी क्षमता पर जीने तैयार किया 'नील' कहे खुद के 'परशुराम' को हरगिज न सोने देना अपनी क्षमता पर जीना या खुद को न जीवित कहना।



हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 1 मई 2025

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री



तालापारा यादव मोहल्ले में निगम द्वारा टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### युवक पर आग लगाने वाले 3 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** पेट्रोल डालकर युवक को आग लगाने वाले दो महिला व एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया, 3 अप्रैल को रात 11.30 बजे राहुल धूरी के ससुराल कोरमी बाड़ीपारा में उसके ऊपर पार्वती धूरी पेट्रोल डालकर आग लगा दी। वहीं उसकी पत्नी ज्योति धूरी व एक नाबालिग गाली गलौज कर डंडा से मारपीट कर रहे थे। पुलिस ने जांच के बाद राहुल धूरी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 109, 351, 2, 3, 5 के तहत पार्वती धूरी पति स्व. समारू धूरी 35 साल, ज्योति धूरी पति राहुल धूरी 19 साल व एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।

### नर्स ने जहर खाकर की खुदकुशी



**बिलासपुर।** किराए के मकान में रहकर नर्स का काम करने वाली युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मोबाइल जब्त कर जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, खुरदूर निवासी कु. प्रिया मरकाम पिता धनसाय मरकाम 23 साल मंगला में किराए के मकान में रहकर प्राइवेट हास्पिटल में नर्स का काम कर रही थीं। बुधवार की सुबह प्रिया कमरे से बाहर नहीं निकली तो मकान में मालिक ने आवाज लगाई। कोई जवाब नहीं मिलने पर मकान मालिक ने सिविल लाइन पुलिस व उनके परिजन को सूचना दी। पिता के आने पर पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर गई तो प्रिया बिस्तर में मृत पड़ी थी, उसके मुंह से झाग व नाक से खून निकला हुआ था। जहर खाकर आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मृतका का मोबाइल जब्त कर जांच में जुट गई है।

### स्टेशन में शुरु की जाएगी ई-केटरिंग की सुविधा

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने बिलासपुर मंडल के आठ प्रमुख स्टेशन पेण्ड्रारोड, चांपा, रायगढ़, उसलापुर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, अंबिकापुर पर ई-केटरिंग सेवा के माध्यम से खानपान की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की योजना बनाई है। इस सेवा के तहत यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से सफर के दौरान अपने पसंद का भोजन अग्रिम रूप से बुक कर सकते हैं, जो संबंधित स्टेशन पर उन्हें उनकी बर्थ पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह सेवा यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### आठ फेरे लगाएगी बिलासपुर काचीगुड़ा समर स्पेशल



**बिलासपुर।** आठ फेरे के लिए बिलासपुर से काचीगुड़ा के बीच समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 08263 बिलासपुर-काचीगुड़ा साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 12, 19, 26 मई व 2 जून को चार फेरे के लिए प्रत्येक सोमवार को और गाड़ी संख्या 08264 काचीगुड़ा-बिलासपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन काचीगुड़ा 13, 20, 27 मई व 3 जून को चार फेरे के लिए प्रति मंगलवार को चलेगी। इस ट्रेन का स्टापेज बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया एवं वडसा स्टेशन पर दिया जाएगा।

### जमीनों की खरीदी बिक्री के बाद अब नामांतरण रजिस्ट्री आफिस से होगा, लंबित प्रकरणों में बिलासपुर प्रदेशभर में तीसरे नंबर पर

# पुराने मामले पहले की तरह ही निपटाए जाएंगे, नई रजिस्ट्री में लागू होगी नई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

जमीनों की खरीदी बिक्री के बाद उसका सीधे अब नामांतरण रजिस्ट्री आफिस से ही हो जाएगा। राज्य सरकार जल्द ही यह व्यवस्था शुरू करने जा रही है। पहले यह प्रक्रिया लंबी और खरीदारों को उलझाने वाली थी। इसके साथ ही यह सवाल भी है कि नामांतरण की नई प्रक्रिया शुरु होने से इससे संबंधित जो प्रकरण पहले से लंबित हैं, उनका क्या होगा।

अधिकारियों का कहना है कि 3 मई के बाद जो भी रजिस्ट्री होगी उसका नामांतरण नए नियम से होगा। पुराने प्रकरण जो लंबित है उनका नामांतरण पुराने नियम से ही होगा। बिलासपुर में लंबित नामांतरण की संख्या 2 हजार के करीब है। ज्ञात हो कि प्रदेश में वर्ष 2023-24 में ही विवादित नामांतरण के 17 हजार से अधिक मामले लंबित हैं। इनमें से एक से लेकर दो साल और उससे भी अधिक पुराने हैं। अधिकारियों के मुताबिक अगर किसी जमीन, मकान या अचल संपत्ति को किसी दूसरे व्यक्ति के नाम से ट्रांसफर करने के समय तीसरा व्यक्ति या कुछ और लोग मालिकाना हक के दावेदार के रूप में सामने आ जा रहे हैं, तो नामांतरण के ऐसे मामलों को राजस्व विभाग विवादित नामांतरण के प्रकरणों में शामिल कर लेता है। खास बात यह है इस तरह के लंबित मामलों में सबसे अधिक संख्या सरगुजा जिले का है। इसके बाद रायपुर जिले का नंबर आता है। तीसरे नंबर पर सबसे अधिक लंबित प्रकरणों वाला जिला बिलासपुर है।

#### यह होती है नामांतरण की प्रक्रिया

जमीन के सरकारी दस्तावेजों में मालिक का नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया को नामांतरण कहते हैं। अगर इस प्रक्रिया में किसी तरह का विवाद हो, तो उसे राजस्व विभाग में विवादित नामांतरण कहते हैं। विवादित नामांतरण के मामलों में सभी पक्षों की सुनवाई होती है। राज्य में नामांतरण की नई व्यवस्था लागू होने से पहले अब तक की प्रचलित व्यवस्था में तहसीलदार, ई-नामांतरण पोर्टल से प्रकरण को अपने ई-राजस्व न्यायालय में स्थानांतरित कर पंजीकृत करता है। विवादित प्रकरणों का निस्तारण होने के बाद, तहसीलदार खसरे और रसीद बही में प्रविष्टियां संशोधित करता है। इसी आधार पर जमीन, मकान या अन्य अचल संपत्ति का मालिकाना हक तय होता है। नियम के हिसाब से संपत्ति का नामांतरण 30 से 45 दिनों में करने का प्रावधान है।

#### एक साल में 62 हजार 283 प्रकरण दर्ज

राजस्व विभाग के मुताबिक पिछले एक साल में विवादित नामांतरण के कुल 62 हजार 283 प्रकरण दर्ज राज्य में दर्ज किए गए। इनमें 45 हजार 196 का निपटारा हो गया। इसके साथ ही लंबित प्रकरणों की संख्या 17 हजार 87 है। समय सीमा के भीतर के प्रकरण 12 हजार 264 है। लंबित मामलों में सबसे अधिक सरगुजा के 1930, रायपुर के 1869, बिलासपुर के 1281, दुर्ग के 1181, सूरजपुर के 1056 प्रकरण है। सबसे कम में नारायणपुर में 12, सुकमा में 17 बीजापुर 18, प्रकरण है। राज्य में एक साल तक से लंबित 1795, दो साल या उससे अधिक समय से लंबित मामले 1196 हैं।

#### नामांतरण नहीं तो रजिस्ट्री शून्य

अविवादित नामांतरण प्रक्रिया में निर्धारित समय सीमा में प्रकरण का निराकरण नहीं होता, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के प्रावधान लागू होते हैं। जमीन खरीदने के 12 साल तक अगर खरीदी करने वाला व्यक्ति राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण नहीं कराता, तो उसकी रजिस्ट्री स्वतः ही शून्य हो जाती है।

#### पुराने प्रकरणों को लेकर प्रावधान नहीं

पंजीयन विभाग के जानकार सूत्रों का कहना है कि राज्य में लागू होने जा रही नामांतरण की नई प्रक्रिया के दौरान केवल नए प्रकरणों में ही नामांतरण होगा। जो मामले पुराने और पहले से लंबित और विवादित है, किसी भी न्यायालय में चल रहे हैं, वे पहले की तरह चलते रहेंगे। उनका निपटारा पूर्व निर्धारित प्रक्रिया से होगा। अधिकारियों के मुताबिक रजिस्ट्री के बाद नामांतरण का अधिकार रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रार को दिया जा रहा है। इससे पहले यह अधिकार तहसीलदार के पास था। अब नया बनने वाला सिस्टम ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से संचालित होगा। इस सिस्टम में पुराने प्रकरणों को लेकर को प्रावधान नहीं होगा।

#### 3 मई के बाद स्थिति होगी साफ

इस बारे में फिलहाल कुछ भी स्पष्ट नहीं है। 3 मई के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। हालांकि यह तय है कि राज्य में लागू होने जा रही नामांतरण की नई प्रक्रिया के दौरान केवल नए प्रकरणों में ही नामांतरण होगा। पुराने मामलों में जिन खसरा नंबरों में बंटाकन नहीं है और जिनमें विवाद है वह पहले की तरह निराकृत किए जाएंगे।

\- **मनीष साहू** एसडीएम, बिलासपुर

### 14 लाख के सोने के जेवर, 3 किलो चांदी, 94 हजार नकद, बलेनो कार जब्त

# बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव की सराफा दुकानों में ठगी, 3 महिला सहित 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खरीददार बनकर बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव में नकली सोना थमा कर असली सोना व नकद रकम ठगी कर सड़क मार्ग से कार से ठगबाज भाग रहे थे। बिलासपुर पुलिस की सूचना पर महाराष्ट्र भण्डारा पुलिस ने घेराबंदी कर कार से तीन महिला व दो पुरूष को पकड़ लिया। उनके पास से 14 लाख के 140 ग्राम सोना व 3 किलो चांदी के जेवर, 94 हजार रुपए नकद व वारदात प्रयुक्त कार जब्त कर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीशनल एसपी राजेन्द्र कुमार जायसवाल ने बताया, 28 अप्रैल को दोपहर 1.30 बजे दो महिलाएं खरीददारी करने सदरबाजार स्थित हिम्मत लाल ज्वेलर्स में आईं। उन्होंने सराफा व्यापारी को नकली सोना थमा कर उसके एवज में 42.3 ग्राम असली सोने के जेवर व 13 हजार 572 रुपए ठगी कर फरार हो गए थे। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने सराफा दुकान के सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो दो महिलाएं खरीददारी करते नजर आ रही थीं। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर पुलिस शहर व आउटर में सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई थी। इसी दौरान रायपुर रोड में महिलाएं बेलेनो कार से भागते हुए नजर आईं। इस तरह से शहर व दिगर जिला के 200 सीसीटीवी कैमरा फुटेज देखने पर आरोपियों के महाराष्ट्र भण्डारा की



पकड़े गए आरोपियों की जानकारी देते एडीशनल एसपी राजेन्द्र कुमार जायसवाल।

ओर भागने की पुष्टि हुई। बिलासपुर पुलिस ने भण्डारा पुलिस को गाड़ी नम्बर देकर उसे पकड़ने में सहयोग मांगा। भण्डारा पुलिस ने घेराबंदी कर गाड़ी नम्बर के आधार पर बेलेनो सवार 3 महिलाएं व दो पुरूष को पकड़ लिया। उसके बाद बिलासपुर भण्डारा जाकर मौके पर गाड़ी तलाशी ली तो 14 लाख के 140 ग्राम सोना व 3 किलो चांदी के जेवर, 94 हजार रुपए नकद मिला। पूछताछ करने पर पांचों ने बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव के सराफा दुकान में नकली सोना थमा कर असली सोना ठगी करना स्वीकार कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने पांचों को गिरफ्तार कर जेवर, नकद रकम, कार जब्त कर लिया है।





#### पकड़े गए आरोपी

- मालती सोनी पति कन्हैया लाल सोनी नैनी प्रयागराज
- पूनम सोनी पिता भारत लाल सोनी 36 साल प्रयागराज
- प्रदीप सोनी पिता विनोद सोनी 21 साल सुल्तानपुर प्रयागराज
- राहुल सोनी उर्फ मनीष पिता भारत लाल सोनी 22 साल सेक्टर शांतिपूरम प्रयागराज
- श्याम सोनी पिता बबलू सोनी 35 साल प्रयागराज

#### ऐसे की थी ठगी

पांचों आरोपी बेलेनो कार से नकली सोना लेकर सबसे पहले बिलासपुर आए और देवकीनंदन चौक के पहले कार खड़ी दो महिलाएं आटो से सदरबाजार सराफा दुकान जाकर नकली सोना थमा कर असली सोने के जेवर लेकर आटो से कार के पास आईं। उसके बाद सभी कार से रायपुर गए और उसी तर्ज पर आटो से जाकर मां बंजारी ज्वेलर्स में ठगी किए। उसके बाद राजनांदगांव जाकर भारत चौक स्थित मां लक्ष्मी ज्वेलर्स में ठगी कर कार से महराष्ट्र की ओर भाग रहे थे।

### सिविल लाइन थाना क्षेत्र सरेआम हुई थी लूट

# महिलाओं से पर्स व मोबाइल लूटने वाले 2 बाइकर्स गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरेराह महिला व युवती से पर्स व मोबाइल लूटने वाले बाइकर्स को पकड़ने में सिविल लाइन पुलिस को सफलता मिल गई है।

पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़कर मोबाइल व सोने का टाप्स बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

- सिविल लाइन को मिली सफलता

ज्ञात हो कि 27 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे कुदुदण्ड मिलन चौक निवासी सुष्मिता मोबाइल में बात करते हुए जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनके हाथ से मोबाइल लूटकर भाग गए थे। उसके बाद उसी दिन शाम 6.30 बजे महाराणाप्रताप चौक के पास बाइक सवार दो युवक शकुंतला यादव के हाथ से लेडीस पर्स लूटकर भाग गए थे। पर्स में मोबाइल, सोने का टाप्स व नकद रकम रखा हुआ था। एक दिन में दो लूट की वारदात को गंभीरता से लेते हुए सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने सिविल लाइन पुलिस को बाइकर्स को पकड़ने का निर्देश दिया। टीआई एसआर साहू के नेतृत्व में थाने का स्टाप में जांच में जुट गया। लूट गए दोनों मोबाइल में संपर्क किया, जिसमें एक मोबाइल में फोन लग गया। पुलिसकर्मियों ने बातों में फंसाकर युवक को मोबाइल लौटाने को कहा। पुलिसकर्मियों के झांसे में आकर युवक थाने के बाहर चाय ठेला में मोबाइल छोड़कर भाग रहा था। इसी दौरान आरक्षक वीरेन्द्र राजपूत, देवेन्द्र दुबे ने अशोकनगर महामाया आईटीआई के पीछे रहने वाले गोविंद मानिकपुरी पिता गोकुल मानिकपुरी 20 साल को दौड़ाकर पकड़ लिया। उसके निशानदेही पर उसके साथी अमेरी शैलेन्द्रनगर निवासी निर्मल टण्डन पिता गेंदलाल 21 साल को पकड़ा गया। दोनों महिला व युवती से लूटपाट करना स्वीकार कर लिया है। उनके कब्जे से दो मोबाइल, सोने का टाप्स, 2100 नग रकम बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# हिंदू संगठन का युवक भीड़ लेकर गिरफ्तारी देने पहुंचा थाना, मचा हंगामा, जमानत पर रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धार्मिक मामले का विरोध करने पर दर्ज एफआईआर के मामले में हिंदू संगठन का युवक भीड़ लेकर गिरफ्तारी देने सिविल लाइन थाने पहुंचा। भीड़ थाने का घेराव कर एफआईआर का विरोध करते हुए जमकर हंगामा मचाया गया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तारी के बाद मुचलका जमानत में रिहा कर दिया। उसके बाद भीड़ लौट गई।

- एफआईआर को लेकर युवकों ने थाने में मचाया हंगामा

25 अप्रैल को एक समाज के लोगों के द्वारा धार्मिक कार्य आयोजन किया जा रहा था। हिंदू संगठन के राम सिंह संगठन के युवाओं के साथ विरोध करते हुए हंगामा मचाया गया था। समाज के लोगों की रिपोर्ट पर राम सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया था। पुलिस पूरे मामले में गोपनीयिता बरत रही थी। किसी पुलिसकर्मियों के द्वारा एफआरआई की काफी आरोपी राम सिंह के पास भेजकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया था। उसके बाद से हिंदू संगठन के लोगों द्वारा एफआईआर का विरोध किया जा रहा था। 30 अप्रैल को राम सिंह संगठन के लोगों के साथ गिरफ्तारी देने सिविल लाइन थाने पहुंचा। भीड़ एफआईआर को लेकर करीब 1 घण्टे तक थाने का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने





राम सिंह को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ा, उसके बाद हंगामा शांत हुआ और भीड़ लौट गई। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, आरोपी राम सिंह भीड़ के साथ गिरफ्तारी देने आए थे। गिरफ्तारी के मुचलका जमानत पर उसे छोड़ दिया गया है।

# भारी वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत

**बिलासपुर।** भारी वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं दो अन्य घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया, बन्नाक चौक निवासी बलराम विश्वकर्मा पिता जयपाल अपने परिजन ढनढन निवासी कृपाराम विश्वकर्मा पिता रामफल विश्वकर्मा 65 साल व बलराम विश्वकर्मा पिता महतरू पुटपुरा मारो बेमेतरा निवासी के साथ अलग अलग दो बाइक में सवार होकर शादी में शामिल होने मन्नाडोल जा



रहे थे। सिरगिट्टी ओवरबिज के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहनों के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दोनों बाइक सवार को टक्कर मारकर भाग निकला। हादसे में कृपाराम विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लघु अवधि प्रशिक्षण के लिए आवेदन 12 मई तक

**बिलासपुर।** शासकीय महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश के लिए कई कोर्स में आवेदन फार्म जमा किया जा रहा है। प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 मई है। इच्छुक आवेदिका जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर, फैशन डिजाइनिंग एवं सिलाई कोर्स के लिए आवेदन कर सकती हैं।

### सचिवों के हड़ताल समाप्ति के बाद पंचायत विभाग में कामकाज पकड़ने लगा जोर

**बिलासपुर।** पंचायत सचिवों की हड़ताल एक माह तक चली, जिसके चलते ग्राम पंचायतों में तो कामकाज ठप रहा।

वहीं पंचायत विभाग में भी कामकाज और शासन की योजनाएं प्रभावित हुई। अब हड़ताल समाप्त हो गया है तो पंचायत विभाग में कामकाज जोर पकड़ने लगा है। सचिवों के हड़ताल की वजह से ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य पूरी तरह से प्रभावित रहा। पेंशन, आवास, मनरेगा, जन्म मृत्यु पंजीयन से लेकर निर्माण कार्यों एवं भुगतान सभी कार्य ठप हो गए थे। यहां तक सुशासन तिहार में आवास के लिए जो आवेदन आ रहे थे, उसकी एंट्री में भी परेशानी आ रही थी, लेकिन अब हड़ताल समाप्त होते ही ये सारे काम चालू हो गए हैं और पंचायतों में बैठकें भी शुरू हो गई है। प्रदेश स्तर पर पंचायत सचिव संघ 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे।

30- APR- BSP- P-2 EXTER FULL-PAGE_Layout 1 5/1/2025 12:43 AM Page 1





खबर संक्षेप

## युवक ने अपनी बड़ी मां को उतारा मौत के घाट



**कोरबा।** जमीन बंटवारा नहीं होने को लेकर नाराज एक युवक ने अपनी बड़ी मां की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी है। घटना की सूचना मिलने पर करतला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र करतला थाना क्षेत्र के ग्राम बेलभाठा में घटित हुई है । यहां निवासरत प्रेम सिंह राठिया उम्र 26 वर्ष पिता स्वर्गीय सुख सिंह राठिया ने मंगलवार की शाम उसी के घर के समीप निवासरत उसकी सगी बड़ी मां जोल बाई राठिया उम्र 60 वर्ष पति ईश्वर सिंह राठिया से जमीन विवाद को लेकर कहासुनी हुई और विवाद देखते ही देखे इतना बढ़ गया कि प्रेम सिंह राठिया ने पास में रखे बांस के डंडे से अपनी बड़ी मां जोल बाई राठिया के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे मौके पर ही जोल बाई राठिया की मौत हो गई।

## चलती बोलेरो में लगी आग ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



**कोरबा।** राह चलते लोगों में उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक वाहन में अचानक आग लग गई। बोनट से धुआं उठता देख वाहन के चालन ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते वाहन में आग की लपटें उठने लगी और पूरी बोलेरो वाहन कुछ ही देर में जलकर खाक हो गई। मामला बुधवार की शाम सवा 6 बजे दर्री बराज के पास मेजर ध्यानचंद चौक के समीप घटित हुई है। बताया जा रहा है कि कंपनी की बोलेरो लेकर ड्राइवर ट्रायल पर था और प्लांट की ओर लौट रहा था।

# जिला अस्पताल विवादों का अंत, सिविल सर्जन सहित 4 डाक्टरों का तबादला

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन और डॉक्टरों के साथ स्टाफ नर्स और कर्मचारियों के बीच करीब डेढ़ माह से चल रहे विवाद के बीच शासन द्वारा तबादला आदेश जारी किया गया है। खास बात यह है कि इस तबादले में जिस प्रभारी सिविल सर्जन को हटाने की मांग की जा रही थी, उसे यहां से हटाकर पड़ोसी जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में बतौर प्रभारी सिविल सर्जन भेजा रहा है। वहीं आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संगठन के पदाधिकारी डॉक्टर सहित तीन डॉक्टरों को सुकमा, नारायणपुर और खड़गंवा की राह दिखा दी गई है।

गौरतलब है कि बैरिस्टर ठा. छेदीलाल जिला चिकित्सालय में पदस्थ प्रभारनी सिविल सर्जन और डॉक्टरों, स्टाफ नर्स और कर्मचारियों के बीच बीते मार्च महीने में विवाद शुरू हो गया था। इस दौरान डॉक्टर, स्टाफ नर्स और कर्मचारियों ने प्रभारी सिविल सर्जन पर प्रताड़ना व दुव्यर्वहार का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया था। प्रभारी सिविल सर्जन को हटाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर

### दो डाक्टर बस्तर, तीसरे को एमसीबी भेजा गया

खास बातें

- प्रभारी सीएस को हटाने करीब डेढ़ माह से चल रहा था चरणबद्ध आंदोलन
- स्थानांतरण में 3 डॉक्टर भेजे जा रहे नारायणपुर, सुकमा और एमसीबी जिला




डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ स्टाफ ने कई चरण में आंदोलन किए। इस दौरान ओपीडी का बहिष्कार, सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल किया गया, तो वहीं जिला व प्रदेश स्तर पर भी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। इस बीच डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन की संभागीय बैठक भी हुई और शासन स्तर पर मांगे रखी गई। इधर इन सबके बीच बीते 24 अप्रैल के डेट में चिकित्सा अधिकारियों व चिकित्सा विशेषज्ञों के प्रशासनिक आधार पर तबादला सूची जारी हुई है। इस सूची के अनुसार जिले में पदस्थ प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. दीपक कुमार जायसवाल को सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में प्रभारी सिविल सर्जन बनाया गया है। वहीं आंदोलन में शामिल रहे जिला चिकित्सालय के डॉक्टर इकबाल हुसैन को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणपुर भेजा जा रहा है। इसी प्रकार चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक कुमार साहू को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़गंवा जिला एमसीबी और दंत चिकित्सक डॉ. विष्णु पैगवार का स्थानांतरण सुकमा जिले के दोरनापाल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन विवाद के बाद प्रभारी सीएस के पड़ोसी जिला में और आंदोलन में शामिल 3 डॉक्टरों के दूरस्थ अंचलों में स्थानांतरण हो लेकर कई तरह की चर्चा हो रही है।

### वन विभाग के निर्देश पर नोवा नेचर नामक संस्था कर रही थी शोध

# किंग कोबरा का फैला साम्राज्य, शोध में खुलासा करतला को छोड़कर अब सभी रेंज में है डेरा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

कोरबा का जंगल पहले ही अपनी जैव विविधता के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि इस जंगल में पहरचित्ती (किंग कोबरा) भी पाए जाते हैं। वन विभाग किंग कोबरा के कुनबे को बढ़ाने के लिए पिछले 1 साल से कोरबा के जंगल में घूम घूम कर विशेषज्ञों की टीम इस पर रिसर्च कर रही थी। रिसर्च अब लगभग पूरी हो चुकी है जिसमें चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। बताया जाता है कि कोरबा के जंगल में पहले एक रेंज में ही किंग कोबरा पाया जाता था लेकिन अब करतला रेंज को छोड़ दिया जाए तो बाकी सभी रेंज में किंग कोबरा ने अपनी दस्तक दी है जो वन विभाग के लिए एक अच्छी खबर है। जैसे-जैसे किंग कोबरा की उपस्थिति वन विभाग के अफसर के कानों तक पहुंची तो तत्कालीन डीएफओ अरविंद पीएम व एसडीओ आशीष खेलवार ने इन वन्य प्राणियों की सुध ली जब उन्हें पता चला कि यह बहुत ही विलुप्त प्रजाति का किंग कोबरा है फिर क्या था वन विभाग के अफसर भी तत्काल जंगल में जा पहुंचे और वरिष्ठ अफसर के निर्देश पर किंग कोबरा को लेकर शोध करने का निर्णय लिया गया।

खास बात

- शोध का काम पूरा, अधिकारियों को सौंपी जाएगी रिपोर्ट, फिर होगा काम




जंगलों में देखा गया पहरचित्ती।

### डीएनए अध्ययन के लिए मांगी गई है अनुमति

बताया जाता है कि कोरबा जिला मध्य भारत का इकलौता ऐसा क्षेत्र है, जहां किंग कोबरा जैसे दुर्लभ प्रजाति के सांपों का बसेरा है। किंग कोबरा के डीएनए अध्ययन का प्लान तैयार किया गया है हालांकि इस दिशा पर अभी काम शुरु नहीं हो पाया है। बताया जाता है इसकी अनुमति के लिए वरिष्ठ अफसरों की अनुमति मिलने पर ही इसका डीएनए का अध्ययन किया जाएगा। कोरबा में पाया जाने वाला किंग कोबरा किस प्रजाति से ताल्लुक रखता है? यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या कोरबा में पाया जाने वाला किंग कोबरा दुनिया भर की चार प्रजातियों से कोई अलग, पांचवी प्रजाति का है?

### पहाड़ी और नाला ही इनका अनुकूल क्षेत्र

शोध के दौरान विशेषज्ञों की टीम पिछले 1 सालों से जंगल की चप्पे चप्पे की निगरानी कर रही थी। कभी सुबह तो कभी रात तो कभी शाम वन विभाग की टीम हर अलग-अलग समय में किंग कोबरा को लेकर शोध किया है। शोध के दौरान जो बात सामने आई है उसके मुताबिक कोरबा का जंगल उनके लिए बेहतर अनुकूल इसलिए है क्योंकि कोरबा के ज्यादातर इलाके पहाड़ियों से घिरे हुए हैं और पहाड़ियों से उतरने वाला पानी जो नदी, नाला का स्वरूप ले रहा है इसी इलाके में रहना इन किंग कोबरा को बेहतर पसंद आता है। यही वजह है कि यह किंग कोबरा को कोरबा का जंगल भाता है और इसी वजह से इनका कुनबा लगातार बढ़ते ही जा बताया जाता है। यह लेमरु क्षेत्र में भी पाए जाने लगा है जो आने वाले दिनों में बांगो डूबान के क्षेत्र में भी उनकी मौजूदगी देखी जा सकती है और धीरे-धीरे आने वाले दिनों में यह कटघोरा वनमंडल की ओर रुख भी कर सकते हैं क्योंकि कोरबा और कटघोरा वनमंडल घने वनों से आच्छादित क्षेत्र है और इनको इस इलाके में बेहतर रहवास मिलेगा।

# सूने मकान में चोरों का धावा सोने से भरी पोटली छोड़ भागे



चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

एक विद्युत विभाग का कर्मचारी अपने घरेलू काम से बाहर गया हुआ था। इस दौरान चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है लेकिन चोर अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं हो पाए। चोरों की नजर सोने से भरी पोटली पर नहीं पड़ी और उसे घर पर छोड़ दिया जबकि अन्य सामानों को लेकर फरार हो गए हैं। मामले की शिकायत सामने आने पर सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। तहकीकात के दौरान पुलिस ने वह पोटली बरामद किया है। फिलहाल पुलिस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

खास बात

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। यहां एनडी-42 सीएसईबी कालोनी में निवासरत बी बी सुब्रमण्यम कुछ दिन पूर्व अपने घरेलू काम से 21 अप्रैल को वहां आंधप्रदेश गए हुए थे और सुब्रमण्यम जब मंगलवार को वापस लौटा तो उसने देखा कि घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण सिक्के इत्यादि की चोरी कर ली है। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि चोरों ने घर के पीछे से प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया।

# बंद पड़ी वाटर एटीएम शुरू



**हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली**

वाटर एटीएम बंद शीर्षक से 27 अप्रैल को हरिभूमि में प्रकाशित खबर को नगर पालिका प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए बंद पड़े वाटर एटीएम को फिर चालू कराया। जिससे अब आम जनता को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो रही है।

शहरी क्षेत्र 19 लाख रुपए की भारी भरकम लागत से नगर में लगाए गए 2 नग वाटर एटीएम लगाए गए। वाटर एटीएम बंद रहने से आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा था। नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के मद्देनजर तत्कालीन राज्य सरकार ने 2 नग वाटर एटीएम लगाया गया था। पहला नया बस स्टैंड एवं दूसरा थोक सब्जी बाजार बुधवारी में स्थापित किया गया था, जो पिछले 3 वर्षो से बंद पड़े थे। हरिभूमि में 27 अप्रैल को वाटर एटीएम बंद खबर प्रकाशित होने के साथ ही नगर पालिका परिषद मुंगेली क्षेत्र अंतर्गत बंद पड़े दो वाटर एटीएम को फिर चालू कर दिया गया। इस संबंध में सुशासन तिहार के अंतर्गत भी प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लेकर काम किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर वाटर एटीएम चालू करने के निर्देश दिए थे। जिस पर ठेकेदार ने तत्परता दिखाते हुए मरम्मत कार्य कर दोनों एटीएम शुरू कर दिए, जिससे अब आम जनता को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो रही है। इस दौरान सहायक अभियंता प्रवीण कुमार साहू, पेयजल प्रभारी कोमल भास्कर तथा नवीन दुबे मौजूद रहे।

# घर में अकेली महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला/लखनपुर**

क्षेत्र के राजपुरीकला में एक महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। महिला की लाश उसके घर के कमरे में ही मिली है। घटना के समय महिला घर में अकेली थी और महिला के घर में कोई दरवाजा भी नहीं है। संभावना जताई जा रही है कि आरोपी ने सूनेपन का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया गया है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम रजपुरीकला के वार्ड क्रमांक 14 निवासी 40 वर्षीया मुनेश्वरी उर्फ आशा राजवाड़े पति श्यामलाल अपने पुत्र गोलू के साथ रहती थी। महिला का पति विगत दस वर्ष पहले ही घर छोड़कर चला गया था जबकि महिला का बड़ा बेटा सुरेन्द्र रजपुरीकला में ही अपने ससुराल में रहता है। महिला का पुत्र गोलू मंगलवार को अपने मामा के घर पुहपुटरा में चंदन पान कार्यक्रम में शामिल होने गया हुआ था। महिला अपने घर में अकेली थी। संभावना जताई जा रही है कि बीती रात महिला घर में खाना खाने के लिए सोने चली गई थी इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर सो रही महिला के गले को धारदार हथियार से काट कर उसकी हत्या की। हत्या के बाद आरोपी हथियार लेकर घर से फरार हो गया। बुधवार की सुबह पड़ोसियों ने महिला की लाश उसके घर के कमरे में जमीन पर पड़ा हुआ देखा तो क्षेत्र में हडकंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस मयंक मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस द्वारा लाश को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

# पंचतत्व में विलीन हुए सक्ती रियासत के राजा सुरेन्द्र बहादुर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

सक्ती रियासत के राजा और अविभाजित मध्यप्रदेश में कैबिनेट मंत्री रहे राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ हुआ। राजा को अंतिम विदाई देने नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय सांसद के साथ जनप्रतिनिधि और अंचलवासी बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

सक्ती राजा एवं पूर्व केबिनेट मंत्री सुरेन्द्र बहादुर सिंह का मंगलवार 29 अप्रैल को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र भर में शोक की लहर दौड़ गई। राजा सुरेन्द्र बहादुर का पार्थिव शरीर उनके हरिगुजर महल में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था, जहां देर रात तक क्षेत्रवासियों की भीड़ लगी रही। सुबह से जनप्रतिनिधियों का आना शुरू हुआ। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद कमलेश जांगड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, पूर्व विधायक खिलावन साहू, चुन्नीलाल साहू, केशव चंद्रा, भाजपा नेता कृष्णकांत चंद्रा, रामनरेश यादव के साथ आशा साव, आयुष शर्मा सहित सक्ती, जांजगीर और आसपास के जिले से पहुंचे जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात राजपरिवार के बंधवा तालाब स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इसके पूर्व पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।



पुष्पांजलि अर्पित करते नेता प्रतिपक्ष समेत अंचलवासी।



30- APR- BSP- P-4 EXTER FULL-PAGE_Layout 1 5/1/2025 12:45 AM Page 1






बेलतरा के लोकप्रिय यशस्वी विधायक युवा हृदय सम्राट बड़े भईया
श्री सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
अविरल सिंह ठाकुर
विनीत :- समस्त छात्रगण गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

30- APR- BSP- P-6 EXTER FULL-PAGE_Layout 1 5/1/2025 12:50 AM Page 1






भगवान परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नीलकंठ त्रिपाठी
अभिनव तिवारी
अंकित मिश्रा
रितेश पाठक
आशीष सिंह
संतोष गर्ग
रोशन अवस्थी
प्रशांत मिश्रा
पंकज तिवारी
चन्द्रचूर्ण त्रिपाठी
शशांक त्रिवेदी
कार्यकारणी प्रदेश अध्यक्ष
राष्ट्रीय ब्राम्हण महासंघ युवा
आशीष तिवारी
कार्यकारणी प्रदेश सचिव
राष्ट्रीय ब्राम्हण महासंघ युवा
राष्ट्रीय ब्राम्हण महासंघ हिन्दू सनातनी युवा


यशस्वी माटीपुत्र बेलतरा विधायक
श्री सुशांत शुक्ला जी को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं...
राकेश तिवारी
मा. श्री सुशांत शुक्ला जी
(विधायक बेलतरा)
दारा सिंह राजपूत
(महामंत्री भा ज पा शहर मंडल बेलतरा
केन्द्रीय अध्यक्ष राजपूत क्षत्रिय समाज)
भानू शास्त्री
कृष्णा पाण्डेय
नवीन वाहिनीपति
प्रिंस मल्होत्रा
(सी.ए.)
गौरव कौशिक
(सी.ए.)
उज्जवल शर्मा
राजा पाण्डेय
रामकुमार पटेल
दिवाकर चौबे
राजेश गुप्ता
विकास सिंह
संदीप शुक्ला
भागीरथी साहू
ओम प्रकाश देवांगन
गोपाल यादव
जानम मिश्रा
विप्सयी चौबे
श्रीकांत
आनंद
प्रियांशु
शानू
राजू
बिट्टू
शिवम
शशांक त्रिवेदी
प्रदेश अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) राष्ट्रीय ब्राम्हण महासंघ
सौजन्य - पं. राकेश तिवारी
रत्नाकर (मोनू) श्रीवास
बेलतरा अध्यक्ष पश्चिम मंडल

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों के समायोजन के निर्णय का स्वागत

**तखतपुर।** प्रदेश भाजपा



कार्यसमिति सदस्य एवं शालेय शिक्षक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत ने राज्य शासन द्वारा 2 हजार 6 सौ 21 बर्खास्त सहायक शिक्षकों के समायोजन के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने इसे एक लोकहितकारी एवं संवेदनशील पहल बताया। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय नियुक्त किए गए सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को न्यायालय ने निरस्त कर दिया गया था, जिससे सैकड़ों शिक्षक बेरोजगार हो गए थे। इस गंभीर प्रकरण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने संवेदनशील रुख अपनाते हुए सभी प्रभावित शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान के पद पर समायोजित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट मामला दर्ज

**कोरबा।** पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना सामने आई है। दोनों ही पक्षों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पाली थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट की घटना सामने आयी है। दोनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने रामेश्वर चंदेल की रिपोर्ट पर पंकज निर्मलकर और अन्य पर जुर्म दर्ज किया है। रामेश्वर का आरोप है कि निर्मला और उसके परिवार के अन्य लोगों की ओर से अक्सर गाली-गलौज किया जाता है। वहीं निर्मला की रिपोर्ट पर पुलिस ने पूजा, लक्ष्मी, दुर्गा और रामेश्वर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

## निधन

### सुधीर कुमार

**बिलासपुर।** एसईसीएल के



महाप्रबंधक (खनन) सुधीर कुमार का 29 अप्रैल को निधन हो गया। उनका जन्म 4 अप्रैल 1965 को बिहार राज्य के नालंदा जिले के चंडी थाना अंतर्गत गांव दरवेशपुर में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गोंकुरा हाईस्कूल से प्राप्त की और इसके बाद आईआईटी आईएसएम धनबाद से बीटेक में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने 14 जुलाई 1988 को कोल इंडिया लिमिटेड में कार्यभार संभाला और अपनी निष्कलंक कार्यशैली से सभी को प्रेरित किया।

### पुष्पा राव

**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक



के पास रिंगरोड नंबर 2 चंदेला नगर निवासी पुष्पा राव का 30 अप्रैल को निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 1 मई गुरुवार को सुबह 9.30 बजे उनके निवास से भारतीय नगर स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजेश्वर राव की बहन थीं।

### कुंवरिया पटेल

**बिलासपुर।** बंधवापारा सरकंडा



निवासी कुंवरिया पटेल का 74 वर्ष की आयु में 29 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30अप्रैल को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे खुब्राम पटेल की पत्नी व रमेश पटेल नान्हू की मां थीं।

### आबिद भाई वनक

**तखतपुर।** बिलासपुर निवासी



आबिद भाई वनक का 75 वर्ष की उम्र में 29 अप्रैल को निधन हो गया। वे होजेफा वनक के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार 30 अप्रैल बोहरा कब्रिस्तान, खपरगंज बिलासपुर में किया जाएगा।

---

## लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाएं, दो दिनों में 2 मौत

# लापरवाही और शराबखोरी से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगांव

नगर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराई हुई है। शराब पीकर वाहन चलाना, तीन सवारी मोटरसाइकिल पर सवार होकर हंगामा करना और सड़कों के किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े चार पहिया वाहन अब जानलेवा बनते जा रहे हैं। बीते 24 घंटों में हुई दो बड़ी सड़क दुर्घटनाओं ने नगरवासियों को झकझोर कर रख दिया है। बीती रात अंग्रेजी शराब दुकान से बस स्टैंड सरगांव की ओर जा रहे बाइक क्रमांक सीजी 10 डब्ल्यू 8288 सवार





मृतक।

सिलदहा निवासी युवक ललित वर्मा ने मातृछाया अस्पताल के पास रोड पार कर रहे अमजद अली पिता समीर अली उम्र 55 वर्ष को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इसी क्रम में बुधवार को हाट बाजार सरगांव के सामने एक बुजुर्ग व्यक्ति को तेज रफ्तार दुपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### अव्यवस्थित पार्किंग और नशे में वाहन चलाने से बिगड़ी स्थिति

नगर में रोड के दोनों ओर अव्यवस्थित रूप से खड़े चार पहिया वाहनों ने यातायात को बाधित कर दिया है। शाम के समय नशे में धुत मोटरसाइकिल सवारों की कतारें, जिन पर अक्सर तीन सवारी होती हैं, गाली-गलौज और उत्पात मचाते देखे जा सकते हैं। इससे न केवल दुर्घटना की संभावना बढ़ती है, बल्कि आमजन भी असहज और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### पुलिस प्रशासन से सख्ती की मांग

स्थानीय नागरिकों ने सरगांव थाना पुलिस से मांग की है कि शाम के समय विशेष अभियान चलाया जाए, जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वालों और तीन सवारी वालों की जांच की जाए। ऐसा करने से न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित होगा, बल्कि लोगों में यातायात के प्रति जागरूकता भी आएगी और ऐसी दुर्घटनाओं से निजात मिल सकेगा।

---

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 को

**पेंड्रा।** जीपीएम जिले में शीघ्र और न्याय सुलभ कराने के लिए 10 मई को व्यवहार न्यायालय पेंड्रारोड में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी के मार्गदर्शन में होगा। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा किया जाएगा, जिसमें सिविल, दांडिक, राजस्व, श्रम और मोटर दुर्घटना दावे शामिल हैं। साथ ही बैंक, बीमा, विद्युत, रेल्वे ट्रिब्यूनल, दूरभाष, डाकतार और आयकर से जुड़े मामले भी सुलझाए जाएंगे। तालुका विधिक सेवा समिति पेंड्रारोड की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने बताया कि लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। साथ ही न्यायाधीशों और पैरा लीगल वालंटियर्स के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

## मौहाभाठा में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता



**तखतपुर।** मौहाभाठा तरकीडीह में दो दिवसीय बालक, बालिका वर्ग राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रॉयल क्लब मौहाभाठा के तत्वाधान में किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग से 33 टीमें एवं बालिका वर्ग से 11 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रॉयल क्लब मौहाभाठा, दूसरा स्थान उगता सूरज गोढ़ी पथरिया, तीसरा स्थान गोंडवाना पेंथर्स पड़रियाझाप, चौथा स्थान मनियारी क्लब मौहाभाठा ने प्राप्त किया। इसी तरह बालिका वर्ग से अमली कापा जिल्स मुंगेली पहला, हिंडोरी लोरमी ने दूसरा, गोबरी पाठ कोटा तीसरा स्थान एवं पदमपुर तखतपुर ने चौथा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच तरकीडीह रेमन साहू ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन पिल्लूराम साहू, विशाल साहू ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पथरिया जपं अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जांगड़े शामिल हुईं। साथ ही जिला कबड्डी संघ के पदाधिकारी हेम कल्याण मरकाम, नीरज पाण्डेय, प्रमोद नेताम, वासुदेव पटेल, चन्द्र कुमार, अधिवक्ता गोस्वामी तुलसीदास पात्रे, चंद्रभान पटेल, राजकुमार साहू, संजय टंडन, हरिशचंद साहू, मनोज पाटले, सहदेव नेताम, दलु साहू, किशन यादव, दुजराम साहू, मुकेश पटेल, राजू श्रीवास, अशोक साहू, सुनील साहू, जोइसन जांगड़े, छोटू यादव, गौतम पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

## आत्मानंद स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित, शिक्षक नरेंद्र की विदाई

**लोरमी।** स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा केजी 1 से लेकर 11वीं तक की परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए तथा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्ति वरिष्ठ व्याख्याता नरेंद्र गिरी गोस्वामी को विदाई देने के लिए समारोह का आयोजन किया गया। अभिभावकों, अतिथियों एवं स्कूल स्टाफ ने उनको शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। नरेंद्र गिरी आभार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओं के उपहार एवं सम्मान से अभिभूत हूं। कार्यक्रम में अतिथि



के रूप में बीएमओ जीएस दाउ, नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश सोनी, प्राचार्य अरुण कुमार जायसवाल, वरिष्ठ व्याख्याता विष्णु राठौर, पवन कुमार शर्मा, राघवेंद्र सोनी, प्रेस क्लब सचिव नूतन गुप्ता एवं उनके सुपुत्र इनकम टैक्स डिप्टी कमिश्नर गगनगिरी, परिजन एवं स्कूल के बीआर चेलकर, कंचन करमाकर, विजय विश्वकर्मा माहेश्वरी पात्रे, अंकित जॉनसन वैभव आनंद, आनंद गुप्ता, निधि नायक, मुस्कान यादव, अमर सोनवानी, माला उपाध्याय, संगीता साहू, करण साहू एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शिशु मंदिर बरेला का वार्षिक परीक्षा परिणाम, पूजा ने मारी बाजी

**जरहागांव।** बरेला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम संस्था के प्रमुख प्रधानाचार्य विनोद पटेल ने घोषित किया, जिसमें कक्षा अरुण में प्रथम पूजा ध्रुवंशी 98.5 प्रतिशत, द्वितीय स्थान ऋषभ पटेल 96 प्रतिशत ने प्राप्त किया।

कक्षा उदय में प्रथम चंद्रेश पटेल 96 प्रतिशत, द्वितीय जिया पटेल 95 प्रतिशत, कक्षा प्रथम में शेख मोइन 95 प्रतिशत, द्वितीय विधान पटेल 94 प्रतिशत, कक्षा द्वितीय प्रथम में प्रथम स्थान जियांश देवांगन 97.5 प्रतिशत, द्वितीय दिव्या श्रीवास, राधिका पटेल 97 प्रतिशत ने प्राप्त किया। कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान अर्शिया परवीन 97 प्रतिशत, द्वितीय पिंकी पटेल, गतिक ध्रुवंशी 94 ने प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान हर्ष धुरी 99.5 प्रतिशत, द्वितीय अंशु धुरी प्रतिशत ने प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा पंचम में प्रथम स्थान



नैंसी प्रजापति 86.5 प्रतिशत, द्वितीय लक्ष्य पटेल 82.6 प्रतिशत, कक्षा षष्ठ में प्रथम राधिका श्रीवास 95.83 प्रतिशत, द्वितीय गजानंद धुरी 95.33 प्रतिशतकक्षा, सप्तम में प्रथम स्थान अल्फिया परवीन 95.5 प्रतिशत, द्वितीय तमन्ना सोनी 94.83 प्रतिशत तथा कक्षा अष्टम में प्रथम स्थान भारती पटेल 91.5 प्रतिशत एवं द्वितीय पायल धुरी 88.16 प्रतिशत ने प्राप्त किया। इस तरह विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय निर्मलकर व उपाध्यक्ष नोहर सिंह ठाकुर ने प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संतोष पटेल, मुमताज खान, भारती देवांगन, सरोजिनी प्रजापति, चित्रकला पटेल, ललित धुरी, मुस्कान परवीन, राजू धुरी, सुनील प्रजापति सहित शाला के विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दमखांचा निवासी सलीराम उम्र लगभग 35 वर्ष अपने मोटर सायकल में सवार होकर किसी काम से मंगलवार की शाम कोरबा आया था जहां से काम निपटाकर वापस अपने घर लौट रहा था कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सर्वमंगला पुल के पहले किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली व सर्वमंगला चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर शव को जिला अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना को किस वाहन ने अंजाम दिया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

## सुशासन तिहार के समाधान शिविरों के लिए स्थलों का चयन

**तखतपुर।** सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविरों के लिए स्थलों का चयन किया गया। बांधा में 6 मई को पूर्व माध्यमिक शाला, बेलपान में 8 मई को हायर सेकंडरी स्कूल, 10 मई को ग्राम बीजा हायर सेकंडरी स्कूल, 14 मई को जरौंधा हायर सेकंडरी स्कूल, 16 मई को गिरधौना मीडिल स्कूल, 19 मई बहतराई हाई स्कूल प्रांगण, 21 मई नेवरा हायर सेकंडरी स्कूल, 26 मई लोखंडी हायर सेकंडरी स्कूल, 28 मई भरनी हायर सेकंडरी स्कूल, 30 मई छतौना हायर सेकंडरी स्कूल में शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों में राशन कार्ड, पेंशन, शासकीय योजनाओं की पात्रता, आय-जाति निवास प्रमाण पत्र जैसे विषयों पर त्वरित सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने सभी से समाधान शिविरों का लाभ उठाने की अपील की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 का आयोजन राज्य भर में तीन चरणों में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को शासकीय योजनाओं का लाभ देना, उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है।

## एसईसीएल के कोयला गुणवत्ता सुधार प्रयासों की केंद्रीय सतर्कता आयोग ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली द्वारा हाल ही में कोयला उद्योग की सतर्कता संबंधी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में एसईसीएल द्वारा कोयला गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु किए गए प्रयासों की विशेष सराहना की गई।

बैठक के दौरान एसईसीएल सतर्कता विभाग की ओर से प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि कंपनी ने कोल क्वालिटी सुधार के लिए कई सुधारात्मक एवं नवाचारी पहलें अपनाई हैं। जिनके परिणामस्वरूप ग्रेड कन्फर्मेशन का स्तर 60 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत तक पहुँच गया है। सतर्कता, गुणवत्ता नियंत्रण विभाग तथा विभिन्न परिचालन क्षेत्रों के संयुक्त प्रयासों के तहत, सैंपलिंग प्रक्रिया को सख्त बनाया गया है, तकनीकी निरीक्षण में उत्तरदायित्व तय किया गया है और निगरानी प्रणाली में पारदर्शिता लाई गई है। इन कदमों से कोयला की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। केंद्रीय सतर्कता आयोग ने एसईसीएल द्वारा अपनाई गई इन रणनीतियों को अन्य कोयला कंपनियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बताया। आयोग ने सुझाव दिया कि अन्य कंपनियों को भी इसी प्रकार की पहल अपनाकर अपने कार्यप्रणाली में सुधार लाना चाहिए। बैठक में केंद्रीय सतर्कता आयोग, कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## आनंद आश्रम में विधिक जागरूकता शिविर

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मरावी एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीषा ठाकुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की सचिव कंचन लता आचला ने जिला मुख्यालय के रामगढ़ स्थित आनंद आश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने उक्त शिविर में उपस्थित वृद्धजनों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुए उनकी समस्याओं को सुना और उनका सुख-दुख साझा किया। इस दौरान उन्होंने मुंगेली विकासखंड के



जागरूकता शिविर में न्यायाधीश।

ग्राम बामपारा के वृद्धपुरुष सुशील अवस्थी को चश्मा प्रदान किया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में निवासरत 6 पुरुष तथा 8 महिला वरिष्ठ नागरिक एवं वृध्दाश्रम का स्टाफ उपस्थित रहा।

---

## आत्मानंद स्कूल दाऊपारा के विद्यार्थियों ने किया वंडर वर्ल्ड का शैक्षणिक भ्रमण

**मुंगेली।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के कक्षा 6वीं से 12वीं तक दोनों माध्यम के विद्यार्थियों ने 29 अप्रैल को शैक्षणिक भ्रमण किया।



भ्रमण के दौरान विद्यार्थी सर्वप्रथम वंडर वर्ल्ड पहुंच कर विश्व के 7 अजूबों सहित राम मंदिर अयोध्या के मॉडल के अवलोकन किया। इसके उपरांत बिलासा देवी केंवट हवाई अड्डा बिलासपुर में विमान आवागमन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में ग्रंथालय, राजग्रह, आर्काइव एवं आडिटोरियम का अवलोकन कर न्यायालयीन अधोसंरचना से अवगत हुए। इसके बाद विद्यार्थियों ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तारामंडल में सौरमंडल के ग्रहों, नक्षत्रें उपग्रहों एवं आकाशगंगा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान शाला के दोनों माध्यम के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी शाला प्राचार्य डॉ आईपी यादव एवं कार्यक्रम प्रभारी पंकज मिश्रा ने दी।

## सामूहिक विवाह खर्चों में कमी करती है: त्रिलोक

**बिलासपुर।** सामूहिक विवाह न सिर्फ खर्चों में कमी करती है, अपितु सामूहिकता को बढ़ावा देती है। साथ ही यह सामाजिक जुड़ाव और सद्भाव को संवर्धन करती है। बिलासपुर संभागीय श्रीवास समाज द्वारा यह आयोजन कर रहा है, इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। यह बातें बिलासपुर में संभागीय श्रीवास समाज के द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बतौर अतिथि शामिल हुए छत्तीसगढ़ प्रांत सर्व सेन समाज के प्रांतीय अध्यक्ष त्रिलोकचंद्र श्रीवास ने कही।

इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि विवाह दो शरीर नहीं दो आत्माओं का मिलन है, परमपिता परमेश्वर को साक्षी मानकर अग्नि के समक्ष सात फेरे लेकर सात वचन निभाने की जो हम सौगंध लेते हैं, सात जन्मों तक उसे निभाते हैं। सनातन पद्धति में विवाह संस्कार है, जिससे व्यक्ति का जीवन सफल होता है। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास, उपाध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास, सचिव सुरेंद्र श्रीवास, कोषाध्यक्ष संतोष



श्रीवास, शह कोषाध्यक्ष बसंत श्रीवास, सहसचिव पवन श्रीवास सहित कोरबा बिलासपुर जांजगीर-चांपा के सर्व सेन समाज की महिला समिति एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने त्रिलोक श्रीवास का पुष्पहार एवं साफा पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर 11 जोड़ों का विवाह सनातन पद्धति से वैदिक रीति-रिवाज से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुंगेली, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सक्ति आदि से सेन समाज के हजारों लोग उपस्थित हुए।

### श्रीवास समाज का सामूहिक विवाह कार्यक्रम, 10 जोड़ों ने रचाई शादी

**तखतपुर।** देशहा श्रीवास समाज बिलासपुर की ओर से आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह में 10 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ। यह जानकारी समाज के संभागीय सचिव चंद्रमणि श्रीवास ने दी। त्रिलोक श्रीवास, संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास, संभागीय उपाध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास, संभागीय सचिव चंद्रमणि श्रीवास एवं संगठन सचिव निखिल श्रीवास की उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न हुआ।



---

### 50 से अधिक प्रतिभागी छात्र रहे शामिल

# प्रतिभागी छात्रों ने किया जिला चिकित्सालय का शैक्षणिक भ्रमण

**मुंगेली।** डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ से संबद्ध डॉ ब्रास मास्टर की कोचिंग द्वारा जेईई, नीट, बीएससी, नर्सिंग एवं सीयूईटी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए 45 एवं 75 दिवसीय निशुल्क कोचिंग 25 मार्च से दी जा रही है। इसमें आसपास से लगभग 50 से अधिक प्रतिभागी छात्र सम्मिलित हो रहे हैं।

प्रतिभागियों को एक दिवसीय आउटडोर क्लास के रूप में शैक्षणिक भ्रमण में जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉ एमके राय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के निर्देशन में काउंसलर दिलीप बसंत द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर के विभिन्न विभागों



जिला चिकित्सालय में शैक्षणिक भ्रमण।

जैसे पंजीयन, पूछताछ, आयुष्मान कार्ड, पुलिस सहायता कक्ष, औषधि वितरण, मातृत्व, शिशुरोग विभाग, फिजियोथेरेपी, नेत्र रोग, स्त्रीरोग, इंजेक्शन कक्ष, नाक-कान-गला रोग विभाग, दंत चिकित्सा, क्रिटिकल मेडिसिन विभाग, मनोरोग, आयुष विभाग एवं स्पर्श क्लीनिक, आॅपरेशन थियेटर, बीपीशुगर जांच, ईसीजी, पैथोलैब, एक्सरे, सोनोग्राफी, भंडार कक्ष, गहन चिकित्सा कक्ष, ड्रेसिंग रूम, आपातकालीन सेवा, महिला वार्ड, जनरल वार्ड, शिशु वार्ड, नर्सिंग स्टाफ, टीकाकरण केन्द्र, ब्लड बैंक, सिकलसेल, कोविड सेंटर आदि एवं उनके गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। इससे पूर्व डॉ एमके राय ने कहा कि सफलता का शार्टकट नहीं होता, इसलिए रटना नहीं केवल समझकर पढ़ें। उन्होंने कहा कि जीवन में कई काम है, यदि किसी एक काम में सफलता नहीं मिलती है तो कार्यक्षेत्र बदल दें। संस्था प्रमुख ने जिला प्रशासन एवं चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग का सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

## 36 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुईं प्राध्यापिका श्रीवास्तव

**पथरिया।** शासकीय वीरांगना अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय पथरिया में हिंदी विभाग में पदस्थ सहायक प्राध्यापिका और विभागाध्यक्ष डॉ कमलजीत श्रीवास्तव 36 वर्ष की शानदार सेवा के बाद बुधवार को सेवानिवृत्त हुईं। 11 दिसंबर 1989 को नियुक्ति के बाद से 30 अप्रैल 2025 को सेवानिवृत्त होने तक उन्होंने महाविद्यालय की साहित्य की निरंतर उन्नति में अपना सहयोग प्रदान किया। वे महाविद्यालय की पत्रिका 'प्रेरणा' की संपादक रहीं एवं उन्होंने छात्रों के रचनात्मक साहित्य और उनके अंदर छिपे प्रतिभा को निखारने का सृजनात्मक प्रयास किया। इस मौके पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुरेश कुमार राजपूत ने कहा कि आपकी शिक्षाएं हमें हमेशा मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। आपके संरक्षण में पांच वर्षों तक का छात्र-जीवन बड़ा अनमोल रहा। आपकी प्रेरणा और मार्गदर्शन से हमें आगे बढ़ने का साहस मिलता है। मंच संचालन और आभार व्यक्त करते हुए अतिथि व्याख्याता अजय साहू ने कहा कि आपने हमें केवल पुस्तकीय शिक्षा दिया बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण पाठ भी सिखाया।



## खबर संक्षेप

### ताइक्वांडो क्लब के बच्चों का शानदार प्रदर्शन प्रिंस राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगा जौहर



**सीपत**। केन्द्रीय विद्यालय ताइक्वांडो चैंपियनशिप स्पर्धा का आयोजन 23 से 26 अप्रैल तक हुआ, जिसमें डिफेंस ताइक्वांडो क्लब मोपका के बच्चों का प्रदर्शन जोरदार रहा। प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल किए। प्रिंस चंद्रा ने स्वर्ण पदक, वैष्णवी चंद्रा, हर्षिता कुमारी, अंश वर्मा, नैना भगत ने रजत पदक एवं हर्षित वर्मा, खुशी पात्रे, ज्योति वानी, ख्वाहिश पात्रे ने कांस्य पदक जीते। डिफेंस ताइक्वांडो क्लब के संचालक एवं कोच सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि प्रिंस चंद्रा का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। चंद्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर पूरे जिले को गौरवांवित किया है।

### राठौर ने बच्चों को जीवन जीने की कला सिखाईः पांडेय



**सीपत**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जांजी के प्रधानपाठक सनत कुमार राठौर के सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें शास उच्चतर माध्यमिक शाला जांजी में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। प्राचार्या ज्योति तिर्की व संकुल शैक्षिक समन्वयक प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा कि राठौर ने बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाई। उन्होंने विद्यालय को सजाने-संवारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उनसे कई शिक्षकों ने काफी कुछ सीखा है। इस दौरान संकुल केंद्र जांजी प्राचार्य जे तिर्की, पूर्व प्रधान पाठक जांजी एचएस क्षत्रिय, संकुल केंद्र समन्वयक टीआर कौशिक, संकुल केंद्र शैक्षिक समन्वयक प्रमोद कुमार पांडे, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र पाटले, पंच चेतन सिंह क्षत्रिय, हेमंत यादव, विजेंद्र रात्रे, सीएस राजपूत, डीके दीक्षित, यूके अशफाक खान, स्वप्निल वर्मा, नीलू सिंह, भुवन प्रसाद साहू, गुलाब चंद्राकर, सूर्यकांता पांडेय, कुसुम लता चंद्राकर, आशा उज्जैनी, विभा सोनी, कल्पना शर्मा, अमरदीप भोगल आदि मौजूद थे।

### जनपद पंचायत अध्यक्ष कौशिक ने किया बच्चों को सम्मानित



**बोदरी**। आत्मानंद स्कूल बरतोरी में 9वीं एवं 11वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बिल्हा जनपद अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक ने सम्मानित किया। साथ ही बच्चों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर जपं बिल्हा के पूर्व सभापति डॉ लक्ष्मण यादव, जिपं सदस्य प्रतिनिधि दीपक यादव, खम्हारडीह सरपंच मोनू यादव, राजेन्द्र डहरिया, नरेश जायसवाल सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

### गौरेला व पेंड्रा मंडल अध्यक्षों की पुनर्नियुक्ति

**गौरेला**। जिला में बीजेपी ने संगठनात्मक नियुक्तियां की है, जिसमें रमेश तिवारी को पेंड्रा मंडल का




अध्यक्ष बनाया गया है, वहीं राजकुमार रोहणी को गौरेला मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। दोनों नेता पहले से ही इन पदों पर कार्यरत थे। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर प्रदेश भाजपा महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी रामू रोहरा ने जीपीएम जिले के लिए मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। जिला संगठन ने इन दोनों नेताओं के नामों की अनुशंसा प्रदेश संगठन को भेजी थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। मंडल अध्यक्ष राजकुमार रोहणी और रमेश तिवारी ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश एवं जिला भाजपा संगठन का आभार जताया और पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक काम करने की बात कही।

### प्री पॉलीटेक्निक टेस्ट आज 4 सौ 97 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**मुंगेली**। प्री पॉलीटेक्निक टेस्ट 1 मई को जिले के 2 केंद्र डॉ ज्वाला प्रसाद मिश्र विज्ञान महाविद्यालय और शासकीय एसएनजी महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में जिले के 4 सौ 97 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार दोनों परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज को प्री पॉलीटेक्निक टेस्ट के सफल आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## धूमधाम से मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

# बच्चों ने किया गुड्डे-गुड़ियों का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में अक्ती का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से लोग मटका, सत्तू, तिली आदि का दान करते रहे। बच्चों ने शाम को घर-घर में गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाकर एक दूसरे को बधाई देते रहे। ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में विवाह होने के चलते देर रात्रि तक बारातियों को आना–जाना लगा रहा। अक्षय तृतीया को शुभ मुहुर्त मानकर ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में विवाह का आयोजन किया जाता है।

नगर में बुधवार को पर्व को लेकर बाजार में भीड़ देखी गई। अक्ती पर्व के लिए गोल बाजार में भी रौनक रही। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रें से काफी संख्या में लोग गुड्डे–गुडिया एवं मटके खरीदने पहुंचे थे। 40 से 100 रुपए जोड़े के बावजूद खरीदारों के उत्साह में कमी नहीं रही। शहर व आसपास के लोग अक्षय तृतीय या एक दिन पहले ही खरीदारी करते है। मटका बेच रहे कुम्हारों का कहना है कि दो दिनों से देवताओं को अर्पित किए जाने वाले मटके की बिकवाली हो रही है। इस दिन मटकी में जल दान करने की भी परंपरा है। सुबह से लोग मटका सत्तू अनाज रूपए आदि का दान करते रहे। कई सालों बाद शुभ नक्षत्र में पड़े अक्ती के इस त्यौहार पर लोगों को मंदिरों एवं पंडितों को दान–दक्षिणा करते रहे। अक्ती पर गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाने के लिए बच्चे उत्साहित रहे। बच्चों ने छोटा मण्डप बनाकर गुड्डे-गुड़ियों को सजाकर विवाह कराया। इस अवसर पर आस पड़ोस में शादी का न्योता देकर विधि-विधान से शादी की रस्म पूर्ण की गई। ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्रों में शुभ मुहुर्त मानकर बड़ी संख्या में विवाह होते रहे।




गुड्डे–गुड़ियों का विवाह, चुलमाटी में बच्चे।

## हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया अक्षय तृतीया का पर्व



**तखतपुर**। अक्षय तृतीया का पर्व आज पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। सुबह से ही आज मंदिरों में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। इसके साथ ही बाजार से आज मटके खूब खरीदे गए और जल का दान मटके में भरकर किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों का ब्याह कराने अपने घरों में मंडप सजाया और वैवाहिक रश्में पूरी की। इस विवाहके लिए बच्चों ने कार्ड भी छपवाया था और निमंत्रण पत्र के साथ-साथ वैवाहिक रस्म मण्डपछादन, चूल माटी, हरदियाही, देवतला, बरात आगमन, पानी ग्रहण आदि पूर्ण की। अक्षय तृतिया का दिन एक शुभ मुहूर्त माना जाता है, इस दिन बिना लग्न पत्रिका देखकर भी सभी मांगलिक कार्य किए जाते हैं।

## अक्षय तृतीया पर तालाब के गहरीकरण की शुरुआत

**सीपत**। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर गुरुवार को ग्राम पंचायत सीपत के गौरवशाली निस्तारी तालाब सूंघा (पैठू) में मनरेगा के तहत गहरीकरण की शुरुआत की गई। सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने उपसरपंच प्रतिनिधि शशिकांत साहू व सभी पंचों के साथ मिट्टी



उठाकर तालाब गहरीकरण के कार्य की शुरुआत की। इस दौरान रोजगार सहायक संजय गढ़ेवाल ने मेट के साथ पंजीकृत मनरेगा मजदूरों के गहरीकरण कार्य का निरीक्षण भी किया। सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि यह योजना लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके तहत व्यक्तिगत लाभार्थीपरक कार्यों का लाभ लेकर ग्रामीण परिवार अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर कर रहे हैं। गहराई कम होने से तालाब जल्दी सूख जाता था, गहरीकरण से इस समस्या से ग्रामीणों को निजात मिलेगी। गहरीकरण से यहां अधिक मात्रा में जल संग्रहण किया जा सकेगा। ग्रामीणों ने तालाब गहरीकरण के उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि पहले इस तालाब में कम पानी रहता था, जिससे तालाब का पानी बहुत गंदा हो गया था। तालाब गहरीकरण के उपरांत यहां पानी काफी भरा रहता है, साथ ही यह तालाब काफी सुंदर दिखाई देता है। अब ग्रामीणों को निस्तारी के लिए समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। इस दौरान ग्राम पंचायत के सभी पंच व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में हर्षोल्लास के साथ मनी अक्षय तृतीया

**मुंगेली**। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेली में पारंपरिक कृषि पर्व अक्षय तृतीया का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धरती माता की विधि-विधान से पूज-अर्चना की गई और भूमि में बीज बोया गया। इस अवसर पर कृषि



विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ आरएल शर्मा ने बताया कि अक्ति तिहार कृषि संस्कृति में आस्था, परंपरा और प्रगति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। यह त्यौहार छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो प्रषि नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। इस दिन किसान बीजों की पूजा कर अच्छी फसल के लिए कामना करते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उपस्थित कृषकों को बीज संरक्षण एवं फसल उत्पादन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी प्रदान की गई। इस दौरान कृषि महाविद्यालय मुंगेली के अधिकारी-कर्मचारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ इंजी पल्लवी पोर्ते, सहायक प्राध्यापक डॉ देवाशीष पाड़ी, ग्राम पंचायत के सरपंच शिवकुमार साहू, छात्र-छात्राएं एवं आसपास के कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## कार में आग लगाने वाला गिरफ्तार सायबर टीम व लोरमी पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



करन विश्वकर्मा पिता स्व छोटेलाल विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी बाजारपारा लोरमी ने 26 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी आर्टिका कार सीजी 10 बीटी 1376 को को अज्ञात बदमाशों ने आग के हवाले कर दिया।

शिकायत पर धारा 324 (5) के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन कर बारीकी से जांच की गई। इसके बाद लोरमी पुलिस एवं सायबर टीम ने प्राप्त साक्ष्य एवं सूचना के आधार पर कार में आग लगाने वाले आरोपी कान्हा वर्मा पिता सुशील वर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी बाजारपारा लोरमी को 30 अप्रैल को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले 17 लोगों पर कार्रवाई

**लोरमी**। सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वालो शराबियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत 17 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। एसपी भोजराम पटेल के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में जुआ-सट्टा एवं नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम



में पुलिस की टीम ने नवाडीह रोड, झझपुरी रोड एवं डिंडोल रोड में सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वाले शराबियों के विरूद्ध 36 च आबाकरी एक्ट का 17 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्रवाई थाना की टीम का योगगदान किया गया।

## सटोरिया एवं असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई

**लोरमी**। एसपी के निर्देश पर जिले में असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत लोरमी पुलिस एवं सायबर टीम ने महामाया पारा लोरमी में विभिन्न नम्बरों पर सट्टा खिलाने वाले शातिर सटोरिए मुकेश लोहार पिता विष्णू लोहार उम्र 32 वर्ष निवासी महामाया पारा को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस ने नगदी 13 सौ रूपए एवं सट्टा पट्टी जप्त कर आरोपी के खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इसी क्रम में मंगलवार को अज्जू ठाकुर उर्फ अजीत पिता गुलाब ठाकुर उम्र 19 वर्ष, नीजर कश्यप पिता राजकुमार कश्यप उम्र 19 वर्ष, आकाश विश्वकर्मा उर्फ दादू पिता बलीराम विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष, सागर रजक पिता संतोष रजक उम्र 23 वर्ष, पवन कुमार कुंभकार पिता विनोद कुंभकार उम्र 21 वर्ष, रिंकू कश्यप पिता विजेन्द्र कश्यप उम्र 18 वर्ष के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। साथ ही लोरमी क्षेत्र के अज्जू उर्फ अजीत ठाकुर पिता गुलाब ठाकुर तथा अज्जू उर्फ आकाश पिता मनहरण कुंभकार के आपराधिक कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने गुंडा लिस्ट में लाने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई मे सायबर टीम मुंगेली के उप निरीक्षक सुशील कुमार बंछोर, प्रआर दयाल गावस्कर, यशवंत डाहिरे, आरक्षक विकास सिंह, हेम सिंह, भेषज पांडेकर एवं थाना लोरमी के निरीक्षक अखिलेश वैष्णव, सउनि धर्मेंद्र शर्मा प्रआरनरेश यादव, लिलक साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शत प्रतिशत रहा नवजागृति विद्यालय का परीक्षा परिणाम



**तखतपुर**। नवजागृति उमा विद्यालय तखतपुर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का परीक्षा फल घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम की घोषणा संस्था की प्राचार्या एसपी सैमुएल ने किया एवं परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

अंग्रेजी माध्यम से कक्षा नर्सरी से हर्षित साहू 99 प्रतिशत, केजी 1 से प्रज्ञा राठौर 99.50 प्रतिशत, कक्षा पहली में वेंकट दर्शन 96.50 प्रतिशत, कक्षा दूसरी से आन्या देवांगन 99 प्रतिशत, कक्षा तीसरी में जितेश शर्मा 96 प्रतिशत, कक्षा चौथी से समृद्धि पाठक 96 प्रतिशत, कक्षा छठवीं से सूर्यराज बंजारे, सातवीं से तृषा गढ़कर 97.50 प्रतिशत एवं नवमीं से मिष्ठी शर्मा ने 94.50 प्रतिशत अंक हासिल कर अव्वल स्थान प्राप्त किया। इसी तरह हिन्दी माध्यम से कक्षा पहली से मयंक मरावी 95 प्रतिशत, दूसरी से धरा चंद्राकर 98 प्रतिशत, तीसरी से किरण कश्यप 96 प्रतिशत, चौथी से 98 प्रतिशत, छठवीं से आलिया जांगडे 96.33 प्रतिशत, सातवीं से देविका ऑग्रे 94.33 प्रतिशत नवमीं से श्रीविद्या कश्यप 95.83 प्रतिशत तथा ग्यारहवीं आर्ट से अनुपा 73 प्रतिशत, बायो और गणित से मीनाक्षी कश्यप, वाणिज्य से दिव्यश्री पाण्डेय ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। संस्था की प्राचार्या एसपी सैमुएल, शाला प्रभारी समित सैमुएल एवं आयरिश बरखा सैमुएल ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## शिशु मंदिर पेंडाराकापा में परीक्षा परिणाम घोषित

मुंगेली। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय पेंडाराकापा में वार्षिक परीक्षा परिणाम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहोरिक यादव नायब तहसीलदार उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पं दीनानाथ उपाध्याय ने की। परीक्षा परिणाम की घोषणा विद्यालय के प्रधानाचार्य के ने की। मुख्य अतिथि सहोरिक यादव ने कहा कि अपने भतीजे और भतीजी को मै कहीं और भी पढ़ा सकता था लेकिन शिक्षा के साथ संस्कार केवल सरस्वती शिशु मंदिर में ही प्राप्त हो सकता है। इसी लिए मैनें उन्हें इसी विद्यालय में प्रवेश दिलाया। कार्यक्रम के अध्यक्ष दीनानाथ उपाध्याय ने बच्चों को अपने व्यक्तत्वि विकास के लिए विद्यालय से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुसार अनुशासित ढंग से व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया। खेल कूद के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन के लिए टेबल टेनिस में नम्रता जायसवाल, देविका सिंह, संस्कृति शर्मा एवं एथलेटिक्स में क्षेत्र स्तर में प्रदर्शन के लिए निखिल मरावी तथा वैदिक गणित मेला में क्षेत्र स्तर में प्रदर्शन के लिए मिनाक्षी पात्रे को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सतीष बघेल एवं आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य ने किया।

### श्रुति ने ब्लॉक स्तर पर किया टॉप

मरवाही। नगर पंचायत के कुम्हारी मिडिल स्कूल की छात्रा श्रुति प्रजापति ने 94.6 प्रतिशत लाकर पूरे ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस सफलता पर शाला परिवार एवं नगरवासियों ने छात्रा को शुभकामनाएं दी एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्रुति प्रजापति एक मध्यम वर्ग परिवार से है, श्रुति के पिता वन विभाग में चौकीदार हैं। गौरतलब हो कि कुम्हारी की पाठशाला से होनहार बच्चे निकल रहे हैं, इस स्कूल से पढ़ कर निकले 16 बच्चे आज भारतीय सेना में हैं एवं देश की सेवा कर रहे है। शिक्षिका सरिता गुप्ता ने बताया कि श्रुति प्रजापति साल भर में एक दिन भी अनुपस्थिति नहीं रहती थी। निश्चित रूप से श्रुति आगे अपने गांव व जिले का नाम रोशन करेगी।

## सुशासन तिहार में किया जा रहा ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन-प्रशासन स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने एवं शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर पात्र लोगों को लाभ दिलाने प्रभावी पहल की जा रही है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है।

प्रथम चरण अंतर्गत आम लोगों से आवेदन प्राप्त किया जा चुका है एवं द्वितीय चरण अंतर्गत उनका निराकरण किया जा रहा है। तीसरे चरण अंतर्गत 5 मई से 31 मई तक प्रत्येक 8 से 15 पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में आवेदकों को उनकी आवेदन की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। शिविर में विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन उपलब्ध कराया जाएगा। सुशासन तिहार के तीसरे चरण अंतर्गत 5 मई को ग्राम दौना के शासकीय माध्यमिक स्कूल, 6 मई को मंदिर परिसर सेतगंगा, 7 मई को स्कूल मैदान राम्हेपुर एन, 8 मई को खेल मैदान अमोरा, 9 मई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर भालापुर, 10 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान डिंडौरी, 13 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान बदरा ब, 13 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान खपरीकला, 14 मई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धरमपुरा, 15 मई को सिद्ध मुनिबाबा मेला मैदान सेमरसल, 16 मई को मेला स्थल पथरगढ़ी, 17 मई को हाइस्कूल परिसर पण्डरभट्ठा, 19 मई को शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल मैदान बिजराकछार, 20 मई को खेल मैदान हथनीकला, 21 मई को धान खरीदी केन्द्र के पास कंतेली और शासकीय हाइस्कूल मैदान कोयलारी, 22 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान गोड़खाम्ही, 23 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान पडियाईन, 24 मई को चारभाठा और शासकीय हाईस्कूल मैदान बैगाकापा, 26 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान मनोहरपुर, 27 मई को क्रिकेट खेल मैदान सल्फा, 28 मई को कृषि कॉलेज के समाने चातरखार, 29 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान चेचानडीह, 30 मई को स्कूल परिसर के पास थाना के पास छतौना और 31 मई को ग्राम लालाकापा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों एवं विकासखंड स्तरीय नोडल अधिकारियों को शिविर के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## विधायक पुन्नूलाल मोहले ने किया शुभारंभ

# ग्राम लिलवाकापा में राज्य का पहला मिनीमाता पेट्रोल पंप शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विकासोन्मुखी सोच के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा मुंगेली विखं के ग्राम लिलवाकापा में राज्य का पहला मिनीमाता पेट्रोल पंप प्रारंभ किया गया। इसका विधिवत शुभारंभ मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने रिबन काटकर किया।

उद्घाटन समारोह में निगम के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसराए प्रबंध संचालक जगदीश सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष रामकमल सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधिए मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल व अन्य प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक श्री मोहले ने कहा कि शासन द्वारा संचालित यह पेट्रोल पंप न केवल ईंधन की उपलब्धता के दृष्टिकोण से लाभकारी सिद्ध होगा, बल्कि इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने इस सुविधा के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। निगम अध्यक्ष श्री बेसरा ने कहा कि अंत्यावसायी निगम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक आर्थिक सहायता पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। पेट्रोल पंप जैसी योजनाएं इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पांडेय ने विभागीय योजनाओं के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। प्रबंध संचालक श्री सोनकर ने बताया कि यह पेट्रोल पम्प इंडियन ऑयल के सहयोग से स्थापित किया गया है। इससे निगम की आर्थिक सुदृढ़ता में सहायता मिलेगी और भविष्य में अन्य जिलों में भी ऐसे लाभकारी प्रकल्पों की स्थापना की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेंद्र जांगड़े ने पेट्रोल पंप की योजनाए संरचना एवं संचालन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन निगम की सचिव गायत्री नेताम द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम के समापन में अतिथियों को राजकीय गमछा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन जिला कलेक्टोरेट के अधीक्षक अशोक सोनी ने किया।



पेट्रोल पंप का शुभारंभ करते विधायक।

## शरबत वितरण कर बुझाई गई राहगीरों का प्यास



**जरहागांव**। श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से मंगलवार को नगर पंचायत बरेला में मानव उत्थान सेवा समिति ने शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया, जिसमें बिलासपुर आश्रम प्रभारी महात्मा चित्रा बाई एवं नीराबाई के निर्देशन में गतिविधियां संचालित की गईं। भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत पिलाया गया एवं प्याऊ घर का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत बरेला के सीएमओ चंद्रभूषण बांधे ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल, पार्षद जगदीश साहू, संजय निर्मलकर, गजानंद निर्मलकर, नितेश पटेल,राजकुमार साहू, विजय दीवान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप जिला प्रमुख शिवा साहू, जिला प्रशिक्षक कन्हैया धूरी, मानव सेवा दल सदस्य राजन कौशिक, अमरनाथ धुरी, उमा साहू, सरिता साहू, रानी धुरी, उमेश साहू का योगदान रहा। ज्ञात हो कि मानव उत्थान सेवा समिति संस्था सतपाल महाराज के द्वारा स्थापित की गई है, जो मानवता के हर कार्य में अग्रणी रहती है। पीड़ितों की सेवा, कोरोना काल में खाद्य सामग्री वितरण, फल वितरण, सफाई अभियान, वृक्षारोपण, ब्लड डोनेशन, मिशन एजुकेशन कार्यों के लिए संस्था हमेशा समर्पित रहती है।


बेलतरा की युवा ऊर्जावान विधायक
मा. सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
ढ़ेर सारी शुभकामनाएं...
HAPPY BIRTHDAY
यशवंत सिंह
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति सेमरताल
प्रदीप शास्त्री
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति बैमा नगोई
प्रहलाद यादव
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति पौंसरा
सुरेन्द्र दुबे
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति लखराम
पवन सिंह
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति भरारी
विनीत- सेवा सहकारी समिति बेलतरा विधानसभा
संकलन
रामगोपाल साहू
हरिभूमि प्रतिनिधि लगरा
मो. 9617938788

30- APR- BSP- P-12 EXTER FULL-PAGE_Layout 1 5/1/2025 1:01 AM Page 1






अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजकुमार सिंह
अरुण सिंह चौहान
चंद्रचूड़ त्रिपाठी
अंकुर सिंह
प्रकाश सिंह ठाकुर
सपनदीप सिंह
बेलतरा विधानसभा के युवा विधायक
भाई सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Happy Birthday
सोनू दुबे
प्रवीण सिंह
प्रणव सिंह
सत्येन्द्र सिंह
दीपक सिंह
हितेश सिंह
बुद्धा फ्यूल्स, काली मंदिर के पास, मेन रोड तिफरा, बिलासपुर

30- APR- BSP- P-14 EXTER FULL-PAGE_Layout 1 5/1/2025 1:05 AM Page 1





30- APR- BSP- P-15 EXTER FULL-PAGE_Layout 1 5/1/2025 1:07 AM Page 1







# रणबीर को 'श्रीराम' के रूप में देखने के लिए हो जाइए तैयार

**मुंबई।** रणबीर कपूर इस वक्त सिर्फ एक ही फिल्म पर फोकस कर रहे हैं और वह है नितेश तिवारी की 'रामायण'। इस मूवी में उनके साथ मुख्य भूमिका में साईं पल्लवी नजर आने वाली है। जब इस माइथोलॉजिकल फिल्म 'रामायण' की शूटिंग शुरू हुई थी, तो फिल्म के सेट से कई फोटोज लीक हो गई थी। जिसके बाद मेकर्स ने फिल्म सिटी में शूट हो रही मूवी के सेट पर सिक्योरिटी और भी टाइट कर दी थी। नितेश तिवारी की ये फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। रणबीर कपूर 'श्रीराम' के रूप में कैसे लगेंगे ये जानने के लिए न जाने फैंस कब से बेकरार हैं। अब उनकी इस बेसब्री के बीच मेकर्स जल्द ही फिल्म का टीजर रिलीज करने के तैयारी में हैं।

## लाइफ Style



# पलक

## 2000 में से एक बंदा को किया डेट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों सुर्खियों में हैं। उनकी फिल्म 'द भूतनी' 1 मई को रिलीज होने वाली है। इसको लेकर वह चर्चा में हैं। फिल्म में संजय दत्त और मौनी रॉय भी हैं। पलक तिवारी इब्राहिम अली खान के साथ रिश्ते को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं।

दोनों ने साफ किया है कि वह सिर्फ दोस्त हैं। पलक तिवारी ने जूम से बातचीत में एक कहानी बताई है। उन्होंने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंटरनेट पर मिला था। वह समझ रही थीं कि वह लड़का बहुत सुंदर है। पलक ने उसका पीछा किया। पलक ने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंस्टाग्राम पर मिला था। पलक ने कहा 'मुझे लगता है सबसे अजीब चीज जो मैंने की वह यह थी कि मुझे सोशल मीडिया पर एक लड़का मिला। मुझे लगा कि वह सबसे खूबसूरत है। जब मैंने उस लड़के को देखा तो वह मुझे बहुत क्यूट लगा। फिर मैंने सोचा इसके बारे में पता करते हैं। मैं उसके बारे में कुछ नहीं जानती थी। यहां तक कि उसका नाम भी नहीं। मैंने उसे बस एक बार देखा और सोचा कि मुझे उसे ढूंढना है।' पलक ने कहा 'एक लड़के ने उस क्यूट लड़के की फोटो पोस्ट की लेकिन उसे टैग नहीं किया। वह लड़का 2000 लोगों को फॉलो कर रहा था। आप यकीन नहीं करेंगे लेकिन मैंने 2000 लोगों की प्रोफाइल चेक की, ताकि उस क्यूट लड़के को ढूंढ सकूं। मैंने उसकी फोटो अपने दोस्त को भेजी। मैं किसी के लिए ऐसा नहीं करती। लेकिन मैंने उस लड़के के लिए किया। हालांकि वह लड़का मिल गया।'

## हॉलीवुड मसाला



# हार्वे के खिलाफ हेली ने दी गवाही

**लॉस एंजिलिस।** न्यूयॉर्क की एक अदालत में मंगलवार को हार्वे वीनस्टीन के खिलाफ चल रहे मीटू मामले की दोबारा सुनवाई में मीरियम हेली ने अपनी गवाही दी। हेली ने कोर्ट में कहा कि वीनस्टीन ने जुलाई 2006 में उनके साथ जबरदस्ती यौन शोषण किया था। 47 वर्षीय हेली ने साफ कहा कि उनकी वीनस्टीन के प्रति कोई रोमांटिक या यौन रुचि नहीं थी। वह केवल काम की तलाश में उनसे मिली थीं। हेली ने अदालत से कहा कि कथित घटना से दो महीने पहले मई 2006 में वह फ्रांस के कान फिल्म फेस्टिवल में वीनस्टीन से मिली थीं।

## ग्रिंट के घर गूंजी किलकारी न्यूबॉर्न बेबी की पहली झलक

**लॉस एंजिलिस।** 'हैरी पॉटर' फेम ब्रिटिश एक्टर रूपर्ट ग्रिंट एक बार फिर पिता बन गए हैं। उनके घर नन्ही परी ने जन्म लिया है और इस खुशी को उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा किया।



अपनी पोस्ट में रूपर्ट ने बेबी गर्ल की पहली झलक भी दिखाई और उसका प्यारा नाम भी रिवील कर दिया। जैसे ही यह खुशखबरी सामने आई, फैंस और सेलेब्स की तरफ से बधाइयों का तांता लग गया। बता दें, रूपर्ट ने साल 2020 में अपनी पार्टनर जॉर्जिया ग्रूम के साथ पहली बेटी का स्वागत किया था, जिसका नाम उन्होंने वेडनेसडे रखा था। रविवार को रूपर्ट ग्रिंट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर न्यूबॉर्न बेटी के आगमन की घोषणा की। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "सीक्रेट बेबी का थोड़ा खुलासा कर रहा हूं। पेश है ग्रिंट फैमिली का नया मेंबर।



# अंकिता ने रद्द किया यूएसए शो...

**मुंबई।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया है। फिल्मी सितारों ने इस घटना की निंदी की है और वे इस मुश्किल घड़ी में घटना में मारे गए लोगों के परिवार के साथ खड़े हैं। देश के साथ खड़े हैं। इस घटना के बाद अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो कैंसिल कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी फैंस से साझा की है। अंकिता लोखंडे 'मिस एशिया नॉर्थ अमेरिका 2025' में हिस्सा लेने जाने वाली थीं। वे यहां बतौर अतिथि आमंत्रित की गई थीं और शो में विनर की क्राउनिंग सेरेमनी उन्हीं के हाथों होनी थी। मगर, पहलगाम में हुई दिल दहला देने वाली आतंकी घटना के बाद अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो कैंसिल कर दिया है।




# 'वन-फोर्स ऑफ..' में हुई एक्ट्रेस की एंट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी पौराणिक थ्रिलर फिल्म 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' को अब अपनी हीरोइन ऑफिशियली मिल गई है। मेकर्स की ओर से फिल्म की अभिनेत्री का ऐलान करते हुए, पहली झलक भी सोशल मीडिया पर साझा की गई है। अभिनेत्री को एक रहस्यमय नए अवतार में पेश करते हुए एक नया टीजर जारी किया गया है। हालांकि, अभिनेत्री का पूरा लुक अभी रिवील नहीं किया गया है। फिल्म के मेकर्स बालाजी मोशन पिक्चर्स की ओर से 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में हीरोइन की एंट्री की जानकारी दी गई। जिसमें ये साफ किया गया है कि अभिनेत्री तमन्ना भाटिया सिद्धार्थ मल्होत्रा की इस पौराणिक कथाओं पर आधारित फिल्म में नजर आएंगी। मेकर्स की ओर से तमन्ना का फिल्म में स्वागत किया गया है।

## टीवी मसाला

# शादी के 6 साल बाद पापा बनने वाले हैं रोहित

**मुंबई।** डेली सोप ये रिश्ता क्या कहलाता है में नजर आए अभिनेता रोहित पुरोहित बहुत जल्द पिता बनने वाले हैं। 30 अप्रैल को एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए कपल ने घोषणा की कि उनकी पत्नी अभिनेत्री-पत्नी शीना बजाज प्रेग्नेंट हैं। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दोनों मैचिंग पीच कलर के आउटफिट में नजर आ रहे हैं। शीना एक फ्लोरल गाउन में अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती नजर आईं,जबकि रोहित ने एक प्लेकार्ड पकड़ा हुआ है, जिस पर लिखा है, हमें उम्मीद है कि 2025 एक बेहतरीन साल होगा। वीडियो में रोहित भी शीना को गले लगाते और उनके बेबी बंप को सहलाते हैं। रोहित और शीना ने जैसे ही ये खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की लोग उन्हें बधाईयां देने लगे। अभिनेत्री पंखुड़ी अवस्थी रोडे ने लिखा, बधाई हो दोस्तों! आप दोनों को ढेर सारा प्यार। अभिनेत्री अनीता राज ने टिप्पणी की, "खूबसूरत जोड़े को बधाई। गुरुजी हमेशा आप सभी को भरपूर आशीर्वाद दें बहुत खुशी हुई।कपल ने 6 साल पहले डेटिंग के बाद 22 जनवरी 2019 को जयपुर में शादी की थी। अब शादी के 6 साल बाद उनके घर किलकारी गूंजने वाली है।



# आंध्र प्रदेश में बना साउथ अभिनेत्री का मंदिर...



**मुंबई।** साउथ अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के बाद अब जानकारी आई है कि सामंथा रुथ प्रभु का भी मंदिर उनके एक फैन ने बनवाया है। दरअसल, यह मंदिर तो तीन साल पहले ही बन गया था, लेकिन अब यह बात सोशल मीडिया पर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा के प्रशंसक तेनाली संदीप ने सामंथा के मंदिर का अनावरण किया और उस दिन उन्होंने अनाथ बच्चों के लिए दोपहर के भोजन का भी आयोजन किया। यह सभी कुछ तेनाली ने सामंथा के प्यार में किया है। इसके बाद तेनाली ने गरीब बच्चों के साथ सामंथा के 38वें जन्मदिन का केक भी काटा और उन्हें इस तरह से अपना प्यार दर्शाया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रेस से बात करते हुए, तेनाली ने इस उपलब्धि के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने कहा, "मेरा नाम तेनाली संदीप है। मैं आंध्र प्रदेश के बापटला में अलापडु ग्रामम से हूं। मैं सामंथा गारू का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं पिछले तीन सालों से उनका जन्मदिन मना रहा हूं। मैंने तब यह मंदिर भी बनवाया था। आज मंदिर के तीन साल हो गए हैं। हर साल, मैं बच्चों को खाना खिलाता हूं और उस दिन केक काटता हूं। उनका परोपकार मुझे प्रेरित करता है और मैं उनके पदचिन्हों पर चलना चाहता हूं।

# कान में मिलेगा निकोल को पुरस्कार



**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री निकोल किडमैन को कान फिल्म फेस्टिवल और केरिंग द्वारा वूमन इन मोशन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। निकोल किडमैन को यह अवॉर्ड दिया जाएगा, जिससे उनके फैंस बेहद खुश हैं। वूमन इन मोशन पुरस्कार उन महिलाओं को दिया जाता है, जो सिनेमा और समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाती हैं। पुरस्कार समारोह 18 मई को कान फेस्टिवल में होगा। किडमैन को महिला निर्देशकों के साथ काम करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए चुना गया है। उन्होंने 2017 में हर 18 महीने में एक महिला निर्देशक के साथ काम करने का वादा किया था और अब तक 20 से अधिक महिला निर्देशकों के साथ काम कर चुकी हैं। केरिंग के सीईओ फ्रेंकोइस-हेनरी पिनॉल्ट ने उनकी तारीफ की।

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.537 आबंटी श्री मनहरण लाल यादव पिता श्री छेदीलाल यादव के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 22.06.2016 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 27.03.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती कौशिल्या यादव पति श्री अशोक यादव के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय / अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था /बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण /हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मंडल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण /हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र, बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.989 आबंटी श्रीमती संतोषी राठौर पति श्री गुलाब सिंह राठौर के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 04.11.2015 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्रीमती अनुराधा पाण्डेय पति श्री विकास कुमार पाण्डेय को विक्रय करना चाहते हैं। जिसके लिए विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय अर्द्धशासकीय /वित्तीय संस्था /बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र, बिलासपुर (छ.ग.)

---

न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर

**: ईश्तहार :**

रा.प्र.क्र./ /मा.क. / अ-6-अ/2024-2025

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सकरी, प.ह.नं. 61, तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष कुमार जायसवाल पिता दुर्गा प्रसाद जाति कलार निवासी ग्राम पदमपुर तहसील जरहागांव जिला मुंगेली छ.ग. के द्वारा ग्राम सकरी म.न.2 भूमि ख.नं.442/13 रकबा 0.019 हे. स्थित है। वर्तमान राजस्व रिकार्ड में पूर्व विक्रेता का नाम प्रदर्शित हो रहा है। जिसे सुधार करने हेतु धारा 115 छ.ग. भू राजस्व संहिता की धारा 1959 के तहत रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाता है|

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 14.05.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
सकरी

---

न्यायालय तहसीलदार पथरिया,
जिला-मुंगेली (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202503250900043/अ-27/2024-25, ग्राम-लछनपुर, प.ह.नं.18

**दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस**

प्रति,

दिलहरण पिता गोविंद यादव, निवासी, ग्राम-लछनपुर, तहसील पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
........अनावेदक

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदकगण परदेशी पिता ढलगन यादव एवं अन्य 4, निवासी ग्राम लछनपुर, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम-लछनपुर प.ह.नं. 18, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 190/1-221/3, 191, 220/2 रकबा क्रमशः 0.275, 0.170, 0.255 हेक्टेयर भूमि शामिल खाता में उभयपक्षकारों के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वर्णित कृषि भूमि में आवेदक क्र.1 से 5 का स्व. गोविंद के साथ 1/6-1/6 अंश हैं। अनावेदकगण अपने 1/6-1/6 अंश का खाता विभाजन में कोई रूचि नहीं ले रहे हैं, इसलिए उन्हें अनावेदकगण के रूप में संयोजित किया गया है। उक्त वर्णित भूमि में आवेदकगण का 1/6-1/6 अंश का खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायाालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 02/05/2025 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायाालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार पथरिया,
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

---

न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**// राजस्व मामले का नोटिस//**

क्रमांक/ क/ना.तह./वाचक/2025,बिलासपुर
दिनांक 23/04/2025

एतद द्वारा श्री रामकिसन भाटिया पिता हेमचंद भाटिया निवासी शांति नगर बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37, तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 657/1 रकबा 1100 वर्गफुट एकड़/हेक्टेयर भूमि की....के लिए श्री /श्रीमति अशोक सिंह पिता/ पति ननकू सिंह निवासी हेमू नगर द्वारा आवेदन किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 05/05/2025 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 05/05/2025 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा /आपतति पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आज दिनांक 23/04/2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**// राजस्व मामले का नोटिस//**

क्रमांक/क/ना.तह./वाचक/2025,बिलासपुर
दिनांक: 21/04/2025

एतद द्वारा श्री प्रमीला राघवन पति व्ही. राघवन जाति अय्यर मद्रासी निवासी बंगला यार्ड बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37, तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 818/2 रकबा 620 वर्गफीट एकड़/हेक्टेयर भूमि की....के लिए श्री संचय कुमार मिश्रा पिता / पति सत्यनारायण मिश्रा वगै. निवासी वायरलैस कॉलोनी बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 05/05/2025 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 05/05/2025 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आज दिनांक 21/04/2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

समक्ष नोटरी, सिविल
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**शपथ - पत्र**

मैं अगर दास आयु 50 वर्ष स्व. कलीराम सोनवानी वर्तमान पता अभिषेक विहार के पास, जोंकी रोड, मंगला, बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि:-

1. यह कि मेरा उपरोक्तानुसार नाम व पता सत्य व सही है। 2. यह कि भारतीय जीवन बीमा निगम बिलासपुर में एक पॉलिसी है जिसका क्रमांक 358017790 है जिसके दस्तावेजों में मेरा पूरा नाम अगर दास सोनवानी पिता कलीराम दर्ज हो गया है।
3. यह कि आधार कार्ड 6040 3877 1853 एवं पेन कार्ड नंबर **DVDPD5765G** एवं इंडियन बैंक शाखा व्यापार विहार के बचत खाता नंबर 621840194 के पासबुक में मेरा अगर दास पिता कलीराम है।
4. यह कि अगर दास एवं अगर दास सोनवानी दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरा ही नाम है किसी अन्य का नहीं है। अतः यह शपथपत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**अगरदास**

---

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकण्डा
तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 23/4/2025

प्रति, 1. आवेदक राजेश मिश्रा पि लालता प्रसाद (वर्गे) महामाया चौक सरकंडा आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. संजय दुबे 3. राजेश मिश्रा।

विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक 5/तह./ना. तह./वा. /2024 बिलासपुर दिनांक 28/3/2025,

ग्राम सरकंडा प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं 738/16 रकबा 0.004 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका राजेश मिश्रा वगै पिता/पति लालता प्रसाद के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 14.5.2025 को समय 11 से 5 बजे से किया जाना है। अतः उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, सरकंडा

---

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकण्डा
तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 23/4/2025

प्रति, 1. आवेदक राजेश मिश्रा पि लालता प्रसाद मिश्रा महामाया चौक सरकंडा आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. संजय दुबे 3. मनोज मिश्रा।

विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक 5/तह./ना. तह./वा. /2025 बिलासपुर दिनांक 12/3/2025,

ग्राम सरकंडा प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं 738/3 रकबा 0.016 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका राजेश मिश्रा पिता/पति लालता प्रसाद के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 14.5.2025 को समय 11 से 5 बजे से किया जाना है। अतः उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, सरकंडा

---

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

**: ईश्तहार :**

रा.प्र.क्र./ / अ-6-अ/2024-25

पक्षकार : श्रीमती अचला द्विवेदी पति ए.के.द्विवेदी
.......आवेदिका

*बनाम* छ.ग.शासन.......अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अचला द्विवेदी पति ए.के.द्विवेदी निवासी नेहरू नगर गीतांजली विहार बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला कुदुदण्ड नजूल शीट नं. 01 प्लाट नं. 5/4 रकबा 300 व.फु. स्थित है। उक्त भूमि को आवेदिका के द्वारा क्रय करने के उपरांत नामांतरण करा लिया गया। रा.प्र.क्र. 141/अ-6 /91-92 जिसका आदेश दिनांक 26.03.92 है। वर्तमान आनलाईन रिकार्ड पर विक्रेता का नाम अंकित है। जिसे विलोपित कर आनलाईन अभिलेख पर आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 16/5/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 29/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

---

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

**: ईश्तहार :**

रा.प्र.क्र./ / अ-6-अ/2024-25

पक्षकार : श्रीमती अचला द्विवेदी पति ए.के.द्विवेदी
.......आवेदिका

*बनाम* छ.ग.शासन.......अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अचला द्विवेदी पति ए.के.द्विवेदी निवासी नेहरू नगर गीतांजली विहार बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला कुदुदण्ड नजूल शीट नं. 01 प्लाट नं. 5 का टुकड़ा रकबा 1800 व.फु. स्थित है। उक्त भूमि को आवेदिका के द्वारा क्रय करने के उपरांत नामांतरण करा लिया गया। रा.प्र.क्र. 140/अ-6/91-92 जिसका आदेश दिनांक 26.03.92 है। वर्तमान आनलाईन रिकार्ड पर विक्रेता का नाम अंकित है। जिसे विलोपित कर आनलाईन अभिलेख पर आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 16.05.2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 29/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉंच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन


विष्णु भगवान जी के 6वें अवतार
भगवान परशुराम जी
के जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
पं. प्रवीण दुबे
पं. राजेश पाण्डेय
पं. पंकज तिवारी
पं. देवेन्द्र पाठक
पं. आनंद दुबे
पं. रोहित मिश्रा
पं. मनीष पाठक
पं. राकेश मिश्रा
पं. आशीष तिवारी
पं. अंचल दुबे
पं. मुकेश मिश्रा
पं. ऋषभ चतुर्वेदी
पं. महर्षि बाजपेयी
विनीतः समस्त विप्र (ब्राम्हण) समाज बिलासपुर (छ.ग.)

## उद्योग संघ के अध्यक्ष शाह ने की नई कार्यकारिणी का गठन

**बिलासपुर।** जिला उद्योग संघ की वार्षिक चुनावी सभा का आयोजन 20 अप्रैल को उद्योग भवन में किया गया था। जिला उद्योग संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतीश शाह द्वारा जिला उद्योग संघ के कार्यों को विस्तार देने नई कार्यकारिणी एवं विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। कार्यकारिणी में शरद सक्सेना को महासचिव, कोषाध्यक्ष राम सुखीजा, उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, एनएस राजू, पुष्पिंदर सिंह भाटिया, सुभाष अग्रवाल, महेश सुल्तानिया, सुनील सुल्तानिया, सचिव अशोक अग्रवाल, योगेश गुप्ता, नरेश सिंघनिया, केसी भरद्वाज, धर्मेंद्र पटेल, मनीष कश्यप, विष्णु मुरारका, दिनेश शर्मा, शंकर मनचंदा, पूरण लाल सिदारा, किशोर पटेल, प्रकाश त्रिवेदी, मुकेश लालचंदानी बनाए गए हैं। इसी तरह विभित्र कमेटियों में उद्योग विभाग समन्वय जीतेन्द्र गांधी, विद्युत विभाग समन्वय अंकुर अग्रवाल, ऐके प्रोडक्ट तिफरा चंद्रशेखर नायक, नायक ट्राली तिफरा, बैंकर्स समन्वय विनोद अग्रवाल, प्रशासन समन्वय अरविन्द गर्ग, अनिल सलूजा, प्रचार प्रसार-पवन नालोटीया, पर्यावरण कमेटी में नरेश अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, विल्डिंग कमेटी में वृजमोहन अग्रवाल एवं हरीश केडिया शामिल किए गए हैं। शहरी क्षेत्र उद्योग प्रभार शशिकांत केसरी, औ.प्र. सिरगिट्टी प्रभार- संतोष सिंघानिया औ.प्र. सिलपहरी प्रभार विहारी लाल अग्रवाल, जीवट लाल रोहरा औ.प्र. तिफरा प्रभार चंद्रकांत भट्ट, अंकुर अग्रवाल, मनोरंजन कमेटी में सुनील मारदा, अनुशासन कमेटी अनिल अग्रवाल, विद्युत कमेटी सुनील मारदा, राम सुखीजा, मुकेश मालघानी, मनीष कलरैया को शामिल किया गया है।

## एंटी हाईजैक मॉक ड्रिल में 1 हाईजैक ढेर दूसरा दबोचा गया



**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट पर बुधवार को सफलतापूर्वक एंटी हाईजैक मॉक ड्रिल एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। यह ड्रिल ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन के गाइडलाइंस के अनुसार साल में एक बार किया जाता है। एयरक्राफ्ट हाईजैक की सूचना मिलते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोलर द्वारा तत्काल एयरोड्रोम कमेटी चेयरमैन जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को फोन पर सूचित किया गया। एयरोड्रोम कमेटी के सारे अधिकारी एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी, एयरपोर्ट के डायरेक्टर, सीएसओ, कासो, एयरलाइंस स्टेशन मैनेजर, भाषा विज्ञानी एवं स्थानीय थाने के अधिकारी एंटी हाईजैक रूम में एकत्रित हुए। एयरक्राफ्ट के अंदर कुल 70 यात्री सवार थे। हाईजैक से उनकी मांगों का समझौता अधिकारियों द्वारा किया गया। इसी बीच एयरपोर्ट की क्यूआरटी टीम ने 2 हाईजैक में से 1 हाईजैक को ढेर कर दिया। बचे हुए 1 हाईजैक को दबोच लिया गया। इस पूरी ड्रिल को जिला दंडाधिकारी के मिनट टू मिनट निगरानी में संपन्न किया गया। इस ड्रील में एयरपोर्ट पर वास्तविक रूप से आतंकवादियों के द्वारा विमान की अपहरण की घटना की स्थिति से निपटने एवं यात्रियों को सुरक्षित कैसे निकाला जाता है उसका अभ्यास किया जाता है।



## जोनल स्टेशन पर मौत से खेलने को मजबूर यात्री

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में प्रतिदिन मौत से खेलकर यात्री ट्रेन पकड़ने मजबूर हो गए हैं। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर यात्री ट्रेनों के बजाय मालगाड़ियों का स्टापेज अधिक दिया जा रहा है। इसके कारण यात्रियों को प्लेटफार्म नम्बर 2 से लेकर 4-5 तक ट्रेन पकड़ने के लिए नागपुर और हावड़ा की ओर बने एफओबी का उपयोग करना पड़ता है। पिछले कुछ दिनों से रेलवे स्टेशन से पार्किंग की जगह भी काफी दूर हो गई है, जिसकी वजह से यात्री बोझ उठाकर पहले रेलवे स्टेशन और बाद में एफओबी की सीढ़ियों को चढ़कर प्लेटफार्म नम्बर 5 तक आना-जाना करते हैं। स्टेशन के हावड़ा एंड की ओर बनाए गए एस्केलेटर बंद होने से यात्रियों को भी परेशानी होती है। जल्दबाजी में ट्रेन पकड़ने के लिए यात्री एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक आने-जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार कर अपनी जान से खिलवाड़ करने मजबूर हो गए हैं। इसके बावजूद रेल प्रशासन पर किसी तरह का कोई असर नहीं हो रहा है।

- **एस्केलेटर बंद होने से यात्रियों को परेशानी**

### फर्जी गिरोह सक्रिय : विभाग ने जारी किया अलर्ट

# 4 लाख वाहनों में लगना है नंबर प्लेट, 30 हजार में ही लग सकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाने में वाहन चालकों को कई परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। पहला यह कि दस्तावेजों में आधारकार्ड और मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने से कठिनाई हो रही है तो दूसरा नंबर प्लेट लगाने के नाम पर कई गिरोह भी सक्रिय हो गए हैं जो झांसा देकर सीधे खाते से रकम पार कर रहे हैं। दूसरी ओर प्रदेश में यह हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के लिए अधिक कीमत लिए जाने की बात सामने आ रही है। छत्तीसगढ़ में जहां बाइक में नंबर प्लेट लगाने के लिए 366 रुपए लिए जा रहे हैं तो दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और बिहार में इसकी कीमत कम बताई जा रही है। जिले की बात करें तो 4 लाख से अधिक वाहनों में इसे लगाया जाना है। इसमें से 30 हजार वाहनों में यह नंबर प्लेट लग गया है। बाकी के लिए आरटीओ द्वारा कैंप भी लगाए जा रहे हैं।



गौरतलब है कि एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य है। जिले की बात करें तो 4 लाख से अधिक वाहनों में इसे लगाया जाना है। इसे लेकर कार और बाइक चालकों की परेशानी भी बढ़ गई है। दरअसल मोबाइल नंबर में पिन नंबर नहीं आने से लोग आरटीओ के चक्कर काट रहे हैं। दस्तावेजों में आधारकार्ड और मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने से यह परेशानी हो रही क्योंकि 2019 से पहले वाहन रजिस्ट्रेशन का काम मैनुअल रूप से होता है। ऐसे में अधिकांश आरसीबुक में मोबाइल नंबर और आधार नंबर अपेडट नहीं है। कई मोबाइल नंबर बदल चुके हैं तो कईयों में आधार और आरसीबुक में नाम-सरनेम अलग-अलग अंकित हैं। ऐसे में ऑनलाइन प्रोसेस के दौरान मिलान नहीं हो रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, परिवहन विभाग की वेबसाइट परिवहन डाट गवर्नमेंट डाट इन में वाहन स्वामी स्वयं से भी मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए आधार नंबर की जरूरत पड़ती है।

### ठगी पर विभाग ने किया अलर्ट जारी

परिवहन विभाग ने ठगी गिरोह के सक्रिय होने की जानकारी दी है। बताया गया है कि यह गिरोह नया नंबर प्लेट लगाने का झांसा देकर सीधे खाते से रकम साफ कर रहे हैं। ठग गिरोह सक्रिय परिवहन विभाग ने ठगी करने वाले ऐसे गिरोह के सक्रिय होते ही अलर्ट जारी किया है। लोगों से कहा गया है कि वाहन चालक विभाग की अधिकृत वेबसाइट और जारी किए गए मोबाइल नंबर के माध्यम से आवेदन करने कहा है। लगातार हो रही ठगी की घटना के बाद किसी भी अनजान वेबसाइट और बिचौलिए से संपर्क नहीं करने की अपील की गई है। दरअसल धोखाधड़ी करने वाले गिरोह नंबर प्लेट बनाने के साथ ही होम डिलीवरी करने का झांसा देकर वाहन मालिकों से ठगी कर रहे हैं।

### एचएसआरपी लगाने यह है रेट लिस्ट

पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के लिए आरटीओ ने रेट लिस्ट भी जारी की है। इसमें टू-व्हीलर मोटर साइकिल, स्कूटर, मोपेड के अलावा ट्रैक्टर, पॉवर टीलर और ट्रेलर पर प्लेट लगाने के लिए जीएसटी सहित 365.80 रुपए वाहन मालिकों को लग रहा है। इसके साथ ही 3-व्हीलर के लिए 427.16 रुपए, लाइट मोटर व्हीकल/पैसेंजर कार के लिए 656.08 रुपए और 705.64 रुपए लगेगा। ऑटोमोबाइल डीलर के जरिए 2019 के पहले रजिस्टर वाहनों पर इंस्टॉलेशन के लिए 100 रु अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जाएगा। इसके अलावा घर पहुंच सेवा के लिए भी अतिरिक्त राशि देनी होगी।

### इसलिए जरूरी है नया नंबर प्लेट

यह प्लेट एल्युमीनियम से बनी होती है, इसमें वाहन की पूरी जानकारी देने वाला क्रोमियम आधारित होलोग्राम होता है। इसमें एक यूनिक लेजर कोड होता है, जिसे हटाना मुश्किल होता है। इसमें स्नैप लॉक होता है, जिससे इसे बिना अनुमति के नहीं बदला जा सकता। रेट्रो-रिलेक्टिव फिल्म होती है, जिससे कम रोशनी में भी वाहन आसानी से दिखता है। इससे वाहन चोरी रुकती है और चोरी होने पर वाहन आसानी से पकड़ा जा सकता है। इससे ट्रैफिक पुलिस को कानून-भंग करने वालों को पहचानने में आसानी होती है। इसके साथ ही वाहन ट्रैकिंग और निगरानी बेहतर होती है, इससे वाहन पंजीकरण और कानून-पालन में सुधार होता है।

### नंबर प्लेट लगाने लग रहा है कैंप

कुछ परेशानियों की बात सामने आ रही हैं। पहले वाहन मालिकों को मोबाइल नंबर अपडेट कराना पड़ेगा। इसके बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। परिवहन विभाग ने ठगी करने वाले ऐसे गिरोह के सक्रिय होते ही अलर्ट जारी किया है। लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। नंबर प्लेट लगाने के लिए कई जगहों पर कैंप भी लगाए जा रहे हैं।

**- आनंद रूप तिवारी,** आरटीओ, बिलासपुर

# सीयू ने थोक में खरीदा करोड़ों रुपए का लैपटाप, शिक्षकों व अफसरों में बंटेगा

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी की शिक्षकों व अधिकारियों को लैपटाप बांटने की योजना है। इसके लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा करोड़ों रुपए के थोक में लैपटाप खरीदी की गई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा लगभग 400 लोगों को लैपटाप बांटा जाएगा। लैपटाप वितरण की शुरूआत भी हो गई है।

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में इन दिनों लैपटाप बांटने की योजना चर्चा का विषय बना हुआ है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अपने यहां के शिक्षकों और अधिकारियों को लैपटाप देने की योजना बनाई है। इसके लिए यूनिवर्सिटी द्वारा थोक में लैपटाप खरीदा गया है और लैपटाप यूनिवर्सिटी के पास पहुंच गया है। यूनिवर्सिटी की ओर से कुछ



लोगों को लैपटाप वितरण शुरू भी कर दिया गया है। यूनिवर्सिटी द्वारा जो लैपटाप वितरण किया जा रहा है, वह एसीईआर कंपनी का बताया जा रहा है। यह लैपटाप उच्च स्तरीय क्षमता वाला बताया जा रहा है ताकि शिक्षकों को रिसर्च आदि कार्य में किसी तरह की दिक्कत न होने पाए। यूनिवर्सिटी द्वारा अपने लगभग चार सौ स्टाफ को लैपटाप दिया जाना है इसलिए इसमें करोड़ों लागत से लैपटाप खरीदी की गई है।

### हाईली रिसर्च के लिए जरूरी

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में वैसे तो सभी शिक्षकों और अधिकारियों के पास अपना पर्सनल लैपटाप है। उनके आफिसों में यूनिवर्सिटी की तरफ कंप्यूटर भी लगा हुआ है। इसके बाद भी यूनिवर्सिटी द्वारा उन्हें लैपटाप दिया जा रहा है। इसके पीछे शोध कार्य को वजह बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यूनिवर्सिटी के शिक्षक हाईली रिसर्च करते हैं, जिससे साधारण लैपटाप में कई तरह की दिक्कतें आती है। इसलिए उच्च स्तरीय क्षमता वाला लैपटाप प्रदान किया जा रहा है ताकि वे रिसर्च कार्य कर सकें।

### सामान्य लैपटाप में होती है समस्या

यूनिवर्सिटी द्वारा लैपटाप वितरण की योजना है इसके लिए लैपटाप मंगाया है। शिक्षकों को लैपटाप दिया जाना है ताकि वे अपना रिसर्च आदि कार्य अच्छे से कर सकें। सामान्य लैपटाप में शिक्षकों को रिसर्च कार्य में कई तरह की समस्याएं आती है।

**- प्रो. एएस रणदिवे,** रजिस्ट्रार, सीयू

# प्रदेश में एक भी साइबर एक्सपर्ट नहीं, हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई से पहले नियुक्ति का आदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में सायबर एक्सपर्ट नहीं होने के मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य शासन दोनों को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि अगली सुनवाई से पहले हर हाल में इसकी नियुक्ति कर ली जाए। मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई को तय की गई है।

प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य का कोई विशेषज्ञ नहीं होने को लेकर शिरीन मालेवर ने अधिवक्ता रुद्र प्रताप दुबे और गौतम खेत्रपाल के माध्यम से याचिका दाखिल की है। पहले हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट में बताया कि देश भर में 16 जगह पर एक्सपर्ट की नियुक्ति की गई है जो कि केंद्र सरकार के द्वारा की जाती है।



- **मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई को**

फिलहाल छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसी एक्सपर्ट की नियुक्ति नहीं हुई है। इस पर महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने भी कोर्ट को जानकारी दी। हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि आईटी अधिनियम राज्य के लिए धारा 79 के तहत इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य का कोई परीक्षक नहीं है, इसलिए नियुक्ति होनी चाहिए। चीफ जस्टिस ने इस मामले में सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा जैसा कि मामला प्रतीत होता है।

### कमियों को दूर कर लिया गया है

बुधवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई के दौरान राज्य शासन के साथ ही केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि राज्य के अनुरोध पर केन्द्र की एक टीम ने साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला का निरीक्षण किया है और उन्होंने कुछ कमियां बताईं थीं। टीम द्वारा बताई गई कमियों को दूर कर दिया गया है और केन्द्र से अनुरोध किया गया है। केंद्र के वकील रमाकांत मिश्रा ने कहा कि एक के बाद एक तीन चरणों को पूरा करते हुए ही सायबर विशेषज्ञ कि नियुक्ति की जा सकती है। इस पर चीफ जस्टिस ने केंद्र व राज्य सरकार दोनों से कहा कि, इस मामले की गंभीरता को समझकर तत्काल निर्णय लिया जाए। कोर्ट ने अगली सुनवाई से पहले विशेषज्ञ को नियुक्त करने का निर्देश दिया है।

## दैनिक वेतन पर कार्यरत आयुर्वेद कर्मी को नियमित करने के निर्देश

हाईकोर्ट ने राज्य के आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र में दो दशकों से दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मचारी को राहत देते हुए उसकी सेवाओं को नियमित करने का आदेश दिया। इस संदर्भ में दायर याचिका स्वीकार कर कोर्ट ने कर्मचारी के मामले और अभिलेखों का उचित मूल्यांकन करने का आदेश दिया है।

याचिकाकर्ता जगरनाथ दो दशक से अधिक समय से दैनिक वेतनभोगी के रूप में औषधालय सेवक के पद पर काम कर रहा है। उसके पास स्थायी पद के लिए सभी आवश्यक योग्यताएं हैं। उसने औषधालय सेवक के पद पर नियमित नियुक्ति के लिए विचार करने को प्रतिवादी अधिकारियों को अभ्यावेदन भी प्रस्तुत किया। याचिकाकर्ता ने मुख्य रूप से तर्क दिया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने 5 मार्च 2008 के सर्कुलर के आधार पर समान स्थिति वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित किया। इस प्रकार याचिकाकर्ता को सेवा के नियमितीकरण से वंचित करना न केवल अवैध, मनमाना और भेदभावपूर्ण प्रकृति का था बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के तहत याचिकाकर्ता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन भी था। जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की एकल पीठ ने सुनवाई के बाद कहा कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों तथा सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित कानून के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए याचिका स्वीकार की जाती है। प्रतिवादी अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे अन्य समान स्थिति वाले कर्मचारियों के अभिलेखों का निरीक्षण करें, जब उनकी सेवाओं को नियमित किया गया। यदि याचिकाकर्ता का मामला भी उन दैनिक वेतन भोगियों के समान पाया जाता है, जिनकी सेवाएं नियमित की गई थीं तो उसकी सेवाओं को भी उसी तिथि से नियमित किया जाए। सिंगल बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी उल्लेख किया। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि यदि अपीलकर्ता ने 10 वर्ष तक सेवा की है, तो उसे सेवा नियमितीकरण का लाभ दिया जाना चाहिए, जब तक कि उनके नियमितीकरण पर कुछ वैध आपत्तियां जैसे कदाचार आदि मौजूद न हों।

## मोटवानी की अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट से खारिज

करोड़ों रुपए कीमती जमीन हड़पने के लिए षडयंत्र करने वाले नरेंद्र मोटवानी को हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। आरोपी ने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। बता दें कि जमीन कारोबारी नरेंद्र मोटवानी और उसके रिश्तेदारों ने कूटरचना-फर्जीवाड़ा कर सीमांकन करा लिया था। इस काम के लिए उन्होंने दूसरी महिला को जमीन मालिक मीना गंगवानी बनाकर तहसील में खड़ा किया था। दरअसल, गुरु नानक चौक स्थित पेंडलवार नर्सिंग होम के पास रहने वाली मीना गंगवानी (50) गृहिणी है। नर्सिंग होम के पास सड़क से लगी खसरा नंबर 445 में उनकी 8.90 डिसमिल करोड़ों रुपए की कीमती भूमि है, जो उन्हें पति की मौत के बाद विरासत में मिली है। पति के जीवित रहते ही अशोक उबरानी से जमीन का कब्जा प्राप्त करने के संबंध में विवाद चला आ रहा है। अशोक ने अपने नाम की भूमि खसरा 453/09 व 454/10 को देखरेख के लिए डूलाराम मोटवानी को पावर ऑफ अर्टानी बना दिया था। तब से डूलाराम मोटवानी, मीना गंगवानी और उसके पूरे परिवार पर संपत्ति छोड़ने दबाव बना रहा है।

- **करोड़ों रुपए कीमती जमीन हड़पने के लिए षडयंत्र करने का मामला**

### दूसरी महिला को खड़े कर फर्जी आवेदन

दोनों के बीच सीमांकन को लेकर विवाद शुरू हो गया। ऐसे में डूलाराम मोटवानी ने तहसील में 10 मार्च 2022 को मीना गंगवानी के नाम से दूसरी महिला को खड़े कर फर्जी आवेदन, शपथ पत्र आदि पेश कर फर्जी हस्ताक्षर कराया। इसके बाद सीमांकन रिपोर्ट तैयार कराई। डूलाराम ने अतिरिक्त तहसीलदार के न्यायालय जमीन खुद की होना बताकर मीना के बेटे के खिलाफ कब्जा दिलवाने आवेदन पेश कर बाउंड्री तोड़ दी। मामले में पुलिस ने डूलाराम मोटवानी, नरेंद्र मोटवानी, महेंद्र मोटवानी और राजेंद्र मोटवानी के खिलाफ दस्तावेजों में कूटरचना कर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। इसके बाद से आरोपी नरेंद्र मोटवानी की पुलिस तलाश कर रही है और वह फरार चल रहा है।

# ड्राइवर ने कार को मारी टक्कर, लगा रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारी वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी। टक्कर से कार का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बीच सड़क पर दुर्घटना होने के कारण घंटों जाम लगा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह 11 बजे गौरव पथ बापजी पार्क के सामने विपरित दिशा से आ रही भारी वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कार को साइड से टक्कर मार दी, जिससे कार का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर से गुस्साए कार चालक ने ट्रक ड्राइवर पर अपना गुस्सा उतारा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कार चालक को समझाईश देकर मामला शांत कराया। दुर्घटना के कारण सड़क पर लंबा जाम लग चुका था, जिससे पुलिस ने तत्काल बहाल किया। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह अप्रैल 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून, 14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411